आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 34 -● जबलपुर ● रविवार, 5 मार्च, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 13 ● विक्रम संवत 2079 शके 1935

» न्यूज गैलरी

## दुष्कर्म और हत्या के वक्त दोषी नाबालिग की मौत की सजा रद्द

**इंदौर ,ईएमएस।** मनावर में सवा पांच वर्ष पहले दुष्कर्म के बाद एक बच्ची की हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपराध किए जाने की तारीख पर नाबालिग होने की बात साबित होने पर दोषी की मौत की सजा रद्द कर दी और उसे तुरंत रिहा करने के आदेश दिए। कोर्ट ने माना कि आरोपित ने बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या की थी, लेकिन घटना



के वक्त वह नाबालिग था। किशोर न्याय अधिनियम के तहत उसे अधिकतम तीन वर्ष की सजा दी जा सकती है। वह पांच वर्ष से जेल में है। उसे रिहा किया जाना चाहिए। 36 पेज के फैसले में कोर्ट ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए कि उसने आरोपित की उम्र की पुष्टि किए बिना ही आम आरोपितों की तरह उसे पेश कर दिया। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संजय करोल की शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा, अपीलकर्ता की दोषसिद्धि को बरकरार रखा गया है, हालांकि, सजा को रद कर दिया गया है। इसके अलावा, चूंकि वर्तमान में अपीलकर्ता की आयु 20 वर्ष से अधिक होगी, इसलिए उसे किशोर न्याय बोर्ड या किसी अन्य बाल देखभाल सुविधा या संस्थान में भेजने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। अपीलकर्ता न्यायिक हिरासत में है। उसे अविलंब रिहा किया जाए। वारदात 15 दिसंबर 2017 को हुई थी। पुलिस ने आरोपित को 19 वर्षीय युवक बताकर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। 17 मई 2018 को सत्र न्यायालय ने आरोपित को फांसी की सजा सुनाई थी। हाई कोर्ट ने भी इस फैसले को यथावत रखा था। आरोपित ने जिला और हाई कोर्ट के फैसले को एडवोकेट अमित दुबे के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। आरोपित की तरफ से उसकी उम्र को लेकर सवाल उठाया गया।

## देश में फैल रहा कोविड जैसा फ्लू, लक्षण भी कोरोना जैसे ही

**नई दिल्ली, ईएमएस।** पिछले दो महीने से राजधानी दिल्ली समेत भारत के कई हिस्सों में इन्फ्लूएंजा के मामले बढ़ रहे हैं। कोरोना महामारी के बाद फ्लू के बढ़ते मामलों से लोगों में डर है, क्योंकि इससे जूझ रहे मरीजों में कोरोना जैसे ही लक्षण देखने को मिल रहे हैं। बीते कुछ दिनों में दिल्ली और आसपास के इलाकों से कई ऐसे मरीज अस्पताल पहुंचे हैं, जो 10-



12 दिनों से तेज बुखार के साथ खांसी से परेशान हैं। द्धष्टस्क्रकी रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले दो-तीन महीनों से इन्फ्लूएंजा वायरस का एक सब-टाइप एच3एन2 (॥3ह2) फैल रहा है। देश के कई हिस्सों में लोगों में इसी स्ट्रेन के लक्षण मिले हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि बाकी सब-टाइप्स की तुलना में इस वैरिएंट की वजह से लोग अस्पतालों में ज्यादा भर्ती होते हैं। मेदांता हॉस्पिटल के आंतरिक चिकित्सा विभाग की सीनियर डायरेक्टर सुशीला कटारिया ने कहा कि ये मरीज इन्फ्लुएंजा ए वायरस के एच3एन2 स्ट्रेन से संक्रमित हैं। फ्लू के मरीज को 2-3 दिनों तक तेज बुखार बना रहता है।

## बांग्लादेश में ऑक्सीजन प्लांट में विस्फोट में 6 की मौत

**चटगांव , एजेंसी।** दक्षिणपूर्वी बांग्लादेश में शनिवार को एक ऑक्सीजन संयंत्र में विस्फोट के बाद लगी आग में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि चटगांव के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर से 40 किमी (25 मील) दूर सीताकुंडा संयंत्र में बचाव अभियान चल रहा है। दमकल सेवा के एक अधिकारी ने कहा कि यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका है कि विस्फोट किस वजह से हुआ। स्थानीय सरकार के अधिकारी शहादत हुसैन ने रॉयटर्स को बताया, मौके से छह शव बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान जारी है।

# 'लाड़ली बहना' की लॉन्चिंग आज, 1 लाख महिलाएं जुटेंगी

### आय और मूल निवासी प्रमाण-पत्र नहीं चाहिए, कर्मचारी गांवों में जाकर फॉर्म भरवाएंगे





■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश में आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिन के मौके पर नई शुरुआत होने जा रही है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल के जंबूरी मैदान में रविवार दोपहर 1 से 3 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें महिला शौर्यादल, स्व-सहायता समूह, जन अभियान परिषद से जुड़ी महिलाएं और महिला जनप्रतिनिधि सहित प्रदेशभर से एक लाख महिलाओं के आने की उम्मीद है। कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। यहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कुछ महिलाओं के योजना के प्रपत्र प्रतीक स्वरूप भरवाएंगे। कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण एवं लाड़ली बहना योजना पर केंद्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। वहीं दूरदर्शन, इंटरनेट मीडिया के माध्यम से इस कार्यक्रम को ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर तक दिखाया जाएगा। यहां योजना की थीम पर एक गीत भी लांच किया जाएगा। सीएम ने शनिवार को बहनों के नाम संदेश जारी कर कहा कि महिलाओं को योजना का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों में भटकना नहीं पड़ेगा, बल्कि कर्मचारियों की टीम गांव-गांव और वार्डों में पहुंचकर आवेदन भरवाएगी। योजना का लाभ कैसे लेना है, इसकी जानकारी मैं खुद 5 मार्च को दूंगा। नगरीय प्रशासन विभाग प्रदेशभर में 5 मार्च को 23360 पौधे भी लगाने जा रहा है। इसके लिए नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र ठाकुर ने प्रदेश के सभी 413 नगरीय निकायों में एक पार्क का नाम 'शिव वाटिका' करने और उनमें पौधे रोपने के निर्देश दिए हैं। योजना का लाभ लेने के लिए आय और मूल निवासी प्रमाण-पत्र की जरूरत नहीं होगी। सीएम खुद रविवार को इस बारे में स्पष्ट करेंगे। फॉर्म में स्वघोषित आय को ही प्रमाण माना जा सकता है। जबकि आधार और समग्र आईडी होने से मूल निवासी प्रमाण-पत्र की भी जरूरत नहीं होगी। ग्रामीण इलाकों में योजना के लिए जरूरी दस्तावेजों को लेकर भ्रम के कारण लोकसेवा केंद्रों पर आय-मूल निवासी प्रमाण-पत्र के लिए महिला आवेदकों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो इस योजना के माध्यम से भाजपा सरकार प्रदेश में यह संदेश देना चाहती है कि वह अपनी महिला नागरिकों के साथ मजबूती से खड़ी है। गौरतलब है कि 2018 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी, कांग्रेस से मामूली अंतर से हार गई थी। इसलिए इस बार वह महिला मतदाताओं को अच्छी स्थिति में रखकर चुनाव जीतना चाहती है। पिछले चुनाव में कांग्रेस 15 साल के अंतराल के बाद सत्ता में आई थी, लेकिन ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ 22 विधायकों ने कांग्रेस का साथ छोड़ दिया जिससे कमलनाथ के नेतृत्व वाली सरकार गिर गयी।

### 10 जून से मिलेगा योजनाओं का लाभ

प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा में एक मार्च को विधानसभा में राज्य का बजट 2023-24 पेश करते हुए कहा था, ''सरकार ने 'मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना' के लिए 8,000 करोड़ रुपये तय किए हैं जिसके तहत महिलाओं को कुछ शर्तों के तहत 1,000 रुपये प्रति माह वित्तीय सहायता दी जाएगी।'' अधिकारियों ने कहा कि सरकार पांच मार्च से महिला लाभार्थियों से आवेदन स्वीकार करना शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि मार्च-अप्रैल में आवेदन स्वीकार करने का काम पूरा हो जाएगा और 10 जून तक लाभार्थियों को आर्थिक सहायता मिलनी शुरू हो जाएगी।

### मंत्रियों के साथ बैठक स्थगित

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश और प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव के साथ रविवार को प्रस्तावित मंत्रियों की बैठक स्थगित हो गई है। लाड़ली बहना योजना के जिलों में कार्यक्रमों के मद्देनजर इसे स्थगित कर दिया है। अब यह बैठक 13 मार्च के बाद होगी।

## महाराष्ट्र में पानी के प्रेशर से सड़क फटी...

### पानी के साथ 15 फीट तक उछले सड़क के टुकड़े, पास गुजर रही स्कूटी सवार घायल

■ यवतमाल, ईएमएस।

महाराष्ट्र के यवतमाल में शनिवार को एक अंडरग्राउंड पाइपलाइन फूट गई। पानी के प्रेशर से सड़क भी फट गई। प्रेशर इतना ज्यादा था कि सड़क के टुकड़े पानी के साथ 15 फुट ऊपर तक उछल गए। यह घटना मिंडे रोड चौक पर हुई। इस दौरान सड़क से गुजर रही स्कूटी सवार एक महिला घायल हो गई। यह पूरा वाकया वहां लगे छ्वष्टञ्जङ्क में रिकॉर्ड हो गया।घटना की चश्मदीद एक अन्य राहगीर पूजा बिस्वास ने बताया- मैं फोन पर बात कर ही रही थी, तभी मैंने देखा कि पानी के प्रेशर से अंडरग्राउंड पाइप लाइन फट गई है और चारों तरफ पानी भर गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सड़क के टूटने की आवाज भी



रिकॉर्ड हुई है। प्रेशर के कारण पहले सड़क में दरारें दिखीं और चंद सेकेंड में पानी फव्वारे की तरह सड़क से बाहर निकल आया। अंडरग्राउंड पाइप लाइन फूटने की आवाज ऐसी थी, जैसे धंस गई हो।

भारत का चीन को मेडिकल झटका

## अब मेडिकल एमआरआई, अल्ट्रासोनिक जैसे उपकरणों का इंपोर्ट जापान से होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने मेडिकल डिप्लोमेसी के जरिए एक तीर से दो निशानें साधने का बड़ा नीतिगत फैसला किया है। मेडिकल उपकरणों के लिए चीन पर निर्भरता घटाने और इसका बड़ा हिस्सा जापान से आयात करने पर चीनी कंपनियों को करोड़ों डॉलर का नुकसान होगा। वहीं, दूसरी ओर भारत के भरोसेमंद साथी जापान की कंपनियों को भारतीय बाजार में बड़ी पैठ जमाने का मौका मिलेगा।

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732

एमपी में बदला मौसम का मिजाज

## बारिश के साथ गिरे ओले IMD ने जारी किया अलर्ट



■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश के मौसम ने शनिवार शाम को अचानक करवट ले ली। राजधानी भोपाल सहित कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई है। कुछ स्थानों में ओले भी गिरे। कई जगहों पर 50 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज आंधी चली। आंधी, बारिश के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल बिछ गई। लहसुन, प्याज, गेहूं और दाल की फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि 11 मार्च तक प्रदेश के कई हिस्सों में ऐसा ही मौसम बना रहेगा। मंदसौर, बैतूल शाजापुर, रतलाम, राजगढ़ सहित पूर्वी मध्य प्रदेश के कई जिलों में बारिश और बूंदाबांदी हुई यहां तेज आंधी भी चली। बारिश ही नहीं कई स्थानों में ओले भी गिरे खंडवा, शाजापुर, आगर मालवा मैं हल्की ओलावृष्टि हुई है। मौसम विभाग ने रायसेन, अलीराजपुर, मंदसौर, नीमच के साथ ही ग्वालियर और चंबल संभाग के जिलों में ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### 11 मार्च तक संकट की घड़ी

मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि बारिश आंधी यह स्थिति आने वाले एक हफ्ते दिनों तक बनी रह सकती है। इस दौरान कई स्थानों में ओलावृष्टि होने का भी अनुमान है। उत्तर भारत के पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव है। रविवार को भोपाल, इंदौर, और उज्जैन में हल्की बारिश होने के आसार है। साथ ही 6 और 7 मार्च को सागर, रीवा, शहडोल और जबलपुर में हल्की बारिश होने की संभावनाएं है। ग्वालियर चंबल संभाग के जिलों में और रायसेन अलीराजपुर मंदसौर नीमच में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 11 मार्च तक कहीं-कहीं से कुछ स्थानों पर वर्षा के साथ /हल्की मध्यम आकाशीय बिजली और वज्रध्वनि के साथ वाली आंधी की संभावना है। मौसम विभाग ने चेतावनी भी जारी की है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो रविवार को इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभागों में भी हल्की बारिश होगी। सागर, रीवा, शहडोल और जबलपुर में सोमवार से बारिश की एक्टिविटी शुरू होगी। शनिवार को इंदौर में हल्की बारिश हुई थी। वहीं, भोपाल में बादल छाए रहे थे। देवास, शाजापुर, खंडवा, सीहोर, गुना, हरदा, बैतूल, श्योपुरकलां, मुरैना, धार, राजगढ़, बड़वानी, ग्वालियर, भिंड, दतिया और शिवपुरी में भी मौसम बदला सा रहा।

## एक के बाद एक भूकंप के तीन झटकों से डोली धरती, रिक्टर स्केल पर 2.5 रही तीव्रता

■ उत्तरकाशी, एजेंसी।




उत्तरकाशी में शनिवार देर रात एक के बाद एक भूकंप के तीन झटके महसूस किए गए। झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए. फिलहाल इस दौरान किसी तरह के जान-माल की कोई सूचना नहीं है। पहला झटका रात 12ः40, दूसरा झटका 12ः45 व तीसरा झटका 01ः01 पर महसूस किया गया। स्थानीय निवासी हेमलता ने बताया कि अचानक खिड़की दरवाजे जोर से बजने की आवाज सुनाई दी, साथ ही किचन में रखें कुछ बर्तन भी गिर गए। एक के बाद एक लगातार तीन भूकंप के झटकों के आने से लोगों में काफी दहशत है। लोग काफी देर तक घरों के बाहर ही रहे। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 12:45 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.5 थी। जिसका केंद्र तहसील भटवाड़ी के अंतर्गत सिरोर के जंगल में बताया जा रहा है। भूकंप से कहीं से भी किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। वहीं श्रीनगर जम्मू कश्मीर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

## राहुल का आरोप- सरकार से सवाल करने वालों पर हो रहे हैं हमले, बीबीसी का दिया उदाहरण

■ लंदन, एजेंसी।



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को लंदन में मीडिया को संबोधित करते हुए एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार पर हमला बोला। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि अगर कोई प्रधानमंत्री मोदी या उनकी सरकार पर सवाल उठाता है, तो उस पर हमले किए जाते हैं। उन्होंने अपने इस बयान के पक्ष में बीबीसी के खिलाफ आयकर विभाग की हालिया सर्वे का उदाहरण दिया और कहा कि ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) के साथ भी यही हुआ है।

### चैनलों के माध्यम से लोगों की आवाज उठाना बहुत मुश्किल

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि बीबीसी के खिलाफ सर्वे की कार्रवाई च्देश में आवाज के दमनज् का उदाहरण है। इसीलिए उन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा की देश के लोगों को चुप कराने की कोशिश के खिलाफ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में च्भारत जोड़ो यात्राज् निकाली। इंडियन जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (आईजेए) द्वारा आयोजित इंडिया इनसाइट्स कार्यक्रम में राहुल गांधी ने पत्रकारों से कहा कि भारत जोड़ो यात्रा इसलिए निकालनी पड़ी क्योंकि हमारे लोकतंत्रिक ढांचे पर क्रूर हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया, संस्थागत ढांचे, न्यायपालिका, संसद सभी पर हमले हो रहे हैं। हमें सामान्य चैनलों के माध्यम से लोगों की आवाज उठाना बहुत मुश्किल हो गया है।

### पत्रकारों को डराया-धमकाया जाता है

राहुल ने कहा कि बीबीसी को इस बारे में अभी पता चला है, लेकिन भारत में यह सिलसिला पिछले नौ साल से बिना रुके चल रहा है। सभी जानते हैं कि पत्रकारों को डराया-धमकाया जाता है, उन पर हमले किए जाते हैं और धमकाया जाता है। सरकार की पैरवी करने वाले पत्रकारों को पुरस्कृत किया जाता है और मैं कुछ अलग होने की उम्मीद नहीं करूंगा। अगर बीबीसी सरकार के खिलाफ लिखना बंद कर दे तो सब कुछ सामान्य हो जाएगा। सभी मामले गायब हो जाएंगे।

## ससुराल नहीं जाने पर शराबी पति ने पत्नी की काटी नाक, पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी तलाश शुरू की

■ श्योपुर, ईएमएस।

मध्यप्रदेश के श्योपुर में शराबी पति ने अपनी पत्नी की नाक हासिए से काट ली और मौके से भाग फरार हो गया। इस हमले में महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। पीड़िता ने बताया कि वह खेत में फसल काट रही तभी शौहर ने उसकी नाक काट ली। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी शौहर को हिरासत में लेने के लिए टीम रवाना कर दी है।जानकारी के मुताबिक, मामला अगरा थाना क्षेत्र का है। नवविवाहिता अपने मायके में रह रही थी। यहां शौहर ने शनिवार को अपनी पत्नी की नाक काट दी। घटना उस वक्त की है जब पति-पत्नी दोनों खेत पर फसल काटने के लिए गए थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कोई नोकझोंक हो गई। फिर गुस्साए शराबी पति ने अपनी पत्नी सरोज आदिवासी पर फसल काटने वाले हथियार से वार कर दिया।

## रजिस्ट्रेशन में 'भाई' देख जीएसटी ने 60 करोड़ का फर्जीवाड़ा पकड़ा




■ इंदौर, ईएमएस।

केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) इंदौर ने फर्जीवाड़े में शामिल 60 फर्मों को पकड़ा है। सेंट्रल जीएसटी की प्रिवेंटिव विंग ने बीते 15 दिनों में मुहिम चलाकर इन फर्मों को पकड़ा। दरअसल, मौके पर ये कंपनियां और फर्में हैं ही नहीं। दूसरे के आधार कार्ड और दस्तावेजों का उपयोग कर जीएसटी रजिस्ट्रेशन हासिल किया गया था। अनोखी बात यह है कि गुजराती नाम होने से अधिकारियों को शक हुआ और जांच में सही निकला। सेंट्रल जीएसटी के अनुसार, विशेष आपरेशन चलाकर कुल 62 फर्मों की जांच व सत्यापन किया गया। इनकी जांच की गई तो 60 फर्में मौके पर नहीं मिलीं। यानी ये बोगस फर्में टैक्स घोटाले को अंजाम देने के लिए बनाई गई थीं। इन 60 फर्मों में से 27 ने तो 59.6 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) हासिल भी कर लिया था। साथ ही 60.2 करोड़ रुपये का आइटीसी आगे पास भी कर दिया था। जीएसटी प्रिंसिपल कमिश्नर के आदेश के बाद इन फर्मों का जीएसटी रजिस्ट्रेशन रद करने के साथ विभाग ने आइटीसी ब्लाक कर दिया है। फर्जीवाड़े में शामिल लोगों तक पहुंचने के लिए विभाग ने आगे की जांच शुरू कर दी है। इस वित्त वर्ष में इंदौर सीजीएसटी 75 ऐसे केस पकड़ चुका है। इसमें कुल 134.67 करोड़ का टैक्स घोटाला सामने आया है।

### ऐसे मिली फर्जीवाड़े की लिंक

सीजीएसटी विभाग के सूत्रों के अनुसार, अधिकारियों को बीते कुछ महीनों में जीएसटी रजिस्ट्रेशन लेकर टैक्स क्रेडिट लेने और जारी करने वाली फर्मों के नाम पर संदेह हुआ। इन नए रजिस्ट्रेशन हासिल करने वाली फर्मों के संचालकों में नाम के साथ भाई जुड़ा था। दरअसल, गुजरात में नाम के बीच भाई जोड़ने का प्रचलन है।

### फर्मों के पते पर पहुंचे तो कुछ नहीं मिला

इंदौर सीजीएसटी के सूत्रों के अनुसार, इसके बाद कंप्यूटर में भाई के नाम के साथ जीएसटी रजिस्ट्रेशन सर्च किए गए। 62 नए रजिस्ट्रेशनों पर शंका हुई। जांच आगे बढ़ाई और सत्यापन के आदेश हुए। फर्मों के पते पर अधिकारी पहुंचे तो वहां कुछ नहीं मिला। पता चला है कि ये फर्में अंतरराज्यीय फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट हासिल कर रहीं थीं।

आईपीएस बनकर नौकरी का झांसा दे रहा था आरोपी | सिंध पुलिस में भर्ती नाम पर लड़कियों को दिल्ली ले जाने के फिराक में था

# मंडला में मानव तस्कर पुलिस के शिकंजे में

■ मंडला, यशभारत।

मंडला पुलिस ने एक महिला की सूझबूझ से आईपीएस बनकर नौकरी का झांसा देकर सिंध पुलिस में भर्ती नाम पर लड़कियों को दिल्ली ले जाने के फिराक में मानव तस्कर मुख्य सरगना समेत दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा सभी थाना व चौकी प्रभारियों को मानव दुर्व्यापार महिलाओं बालिकाओं के विरुद्ध घटित अपराध की सूचना पर तत्काल कार्रवाई करने एवं जन जागरूकता अभियान चलाए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके अंतर्गत मंडला पुलिस द्वारा लगातार चेतना अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 28 फरवरी 2023 को प्रार्थिया ने घटना के संबंध में बताया की वह लाल बहादुर शास्त्री वार्ड मंडला में अपनी अन्य दो सहेलियों के साथ किराये के मकान में रह कर शास जगन्नाथ मुन्ना लाल चौधरी स्नातक महाविद्यालय नावघाट में फर्स्ट ईयर में पढ़ाई कर रही हूँ। 9 जनवरी 2023 को मेरे एवं मेरे साथ रहने वाली सहेली के मोबाईल नम्बर पर एक काल आया जिस पर किसी द्बश्चह्य मनीष परते ने फोन किया और हम लोगो को बताया कि मैं द्बश्चह्य



मनीष परते बोल रहा हूँ तुम्हें पुलिस में नौकरी करना है क्या तो मैने और मेरी सहेली ने हाँ बोला। जिसके बाद मनीष द्बश्चह्य ने हमसे अपने व्हाट्सअप नंम्बर से हमारे आधार फोटो और बारहवी कक्षा की अंकसूची ले ली। फिर कुछ दिन बाद उसने हमे कुछ प्रश्न व्हाटसअप पर भेजकर परीक्षा लिये तथा मैसेज किया कि आपका सिलेक्शन रेल्वे में हो गया है। फिर उसने हमें बताया कि आपकी एक माह की ट्रेनिंग दिल्ली में होगी आप लोग 15 मार्च को तैयारी के साथ नागपुर बस स्टेंड पर मिलना और भी 20, 25 लड़कियों का सिलेक्शन हुआ है, वह लड़कियाँ भी 15 मार्च 2023 को नागपुर बस स्टेंड पर मिलेंगी। नौकरी लगने की बात हमने हमारी मकान मालकिन को बताया और बोला कि हम दोनो 15 मार्च 2023 को दिल्ली ट्रेनिंग के लिए जायेंगे इसलिए कमरा खाली करेंगे। हमारी मकान मालकिन ने हमसे बोला कि कहाँ पर और कैसे तुम्हारी नौकरी किस विभाग में लगी है तो हमने सारी बात मकान मालकिन को बताई। जिसके साथ थाने आकर सारा घटनाक्रम बताया जिस पर से थाना कोतवाली में आरोपी आनंद धुर्वे उर्फ मनीष के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी ने मंडला जिले में 20-25 लडकियों को आईपीएस मनीष परते बनकर अपने आप को आईपीएस आफिसर बनकर काल करता था। आरोपी द्वारा काल पर उनको पुलिस में नौकरी लगवाने की बात करके एवं उनके व्हाट्सएप्प नंबर पर फेसबुक एवं गुगल से भर्ती के दस्तावेज एवं वर्दी वाली फोटो निकालकर लडकियों के नंबर पर भेजता था। जो लड़कियों नौकरी करने के लिए तैयार थी उन लडकियों को विश्वास दिलाने के लिए उनसे परीक्षा फार्म भरवाकर, व्हाट्सएप्प के माध्यम से उनके 10वीं, 12वीं की अंकसूची एवं आधार कार्ड मांगकर परीक्षा भी आयोजित किया।


### जिम्मेदार/जागरूक नागरिक का परिचय

आवेदिका के मकान मालकिन सीता परतेती, जो पेसे स्कूल संचालक भी है द्वारा उक्त घटनाक्रम की जानकारी सही समय पर पुलिस को देकर च्असली हीरोज् की भूमिका निभाई।

### मंडला पुलिस की एडवायजरी

मंडला पुलिस की एडवायजरी जारी करते हुए कहा कि नौकरी लगाने के नाम पर आने वाले सभी प्रकार के काल एवं ऐसे व्यक्तियों से सावधान रहें जो आपको कहीं अन्य शहर में सरकारी नौकरी या अच्छा काम दिलाने का वादा करते है। आये दिन ऐसा मामला संज्ञान में आता है जहां नौकरी या मजदूरी के लालच में लोग आ जाते है तथा उनकी बातों में आकर बाहर राज्य चले जाते है एवं बंधक बना लिए जाते है व शोषण का शिकार हो जाते है।

मयूर विहार, मण्डला रोड, तिलहरी



पूर्ण विकसित आवासीय परिसर
सभी विभागों से स्वीकृत
16 गार्डन एवं कवर्ड कैंपस
आवासीय प्लॉट उपलब्ध, सिंगलैक्स एवं ड्यूप्लैक्स उपलब्ध
क्षेत्र की लगी हुई कॉलानियों से 20 % कम दाम
100 % फाइनेंस के साथ
108 फुट बैठे हनुमान जी की विश्व प्रसिद्ध मूर्ति
सदर से 3.50 कि.मी. दूरी

8462006399, 9131415071



# होली: बोर्ड परीक्षाएं बनीं शहर के मूर्तिकारों के लिए सिरदर्द

## जानकारी के अभाव में कई मूर्तिकारों ने बनाई होलिका प्रतिमाएं

### उम्मीद से भी कम आ रहे मूर्ति के ऑर्डर, युवा वर्ग ज्यादा रखता आया है प्रतिमाएं

**जबलपुर ,यशभारत।** हाल ही में शुरू हुईं बोर्ड परीक्षाओं के बीच मार्च में होली के पर्व आ गया है। जहां शहर के मूर्तिकारों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मूर्तिकारों का कहना है कि होली पर्व पर शहर में अधितकर जगह प्रतिमाएं युवा वर्ग के बच्चे रखते हैं लेकिन अब वे परीक्षाओं के चलते पढ़ाई में व्यस्त हैं। जिसका सीधा असर मूर्तिकारों पर पड़ा है। परीक्षाओं की जानकारी के अभाव में कई मूर्तिकारों ने बहुत सी होलिका प्रतिमाएं पहले से ही बनाकर रख लीं थीं लेकिन अब उन्हें खरीदने अपेक्षा से भी कम लोग पहुंच रहे हैं। जिससे मूर्तिकारों को नुकसान के साथ आय भी नहीं हो रही है।

### इस बार अपेक्षा से कम मिले ऑर्डर

जानकारी के अनुसार होली 7 मार्च है। 7 की रात को होलिका प्रतिमाओं का दहन किया जाएगा और फिर 8 मार्च को धुरेड़ी है। इसी बीच कक्षा 10वीं और 12 वीं की भी परीक्षाएं जिले में संचालित हो रहीं हैं। वैसे तो शहर में परंपरागत तरीके से होली का पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। हर मोहल्ले- गलियों में युवा वर्ग होलिका प्रतिमाएं स्थापित करता है। लेकिन इस बार परीक्षाओं के चलते अधिकतर युवा वर्ग होलिका प्रतिमाएं स्थापित नहीं कर रहा है। मतलब साफ है, पहले जहां-जहां प्रतिमाएं रखीं जातीं रहीं हैं वहां-वहां से होलिका प्रतिमाओं का ऑर्डर मूर्तिकारों को नहीं दिया गया जिस वजह से मूर्तिकार इस बार परेशान हो रहे हैं। शहर के मूर्तिकारों की माने तो पहले की अपेक्षा इस वर्ष उन्हें कम ही मूर्ति बनाने के ऑर्डर मिले हैं।

### जानकारी के अभाव में आर्थिक मार झेल रहे मूर्तिकार

शीतलामाई के मूर्तिकार राजू ने बताया कि कुछ साल पहले कोरोना की वजह से उन्हें होली पर्व पर आर्थिक रूप से मार झेलनी पड़ी थी। और अब परीक्षाएं जो संचालित हो रहीं हैं, वह उनके लिए सिरदर्द बनी हुईं हैं। वहीं घमापुर के मूर्तिकार जीजा ने बताया कि इस वर्ष उसके पास होलिका प्रतिमाओं के ऑर्डर अपेक्षा से भी कम आए हैं जबकि परीक्षाओं की जानकारी के अभाव में उसने पहले से ही कई होलिका प्रतिमाओं को तैयार करके रख दिया था।

# पुलिस आरक्षकों की भर्ती कटघरे में

**जबलपुर यशभारत। मध्य प्रदेश ग्रह विभाग द्वारा वर्ष 2016 मे कुल 12006 पदों पर आरक्षको की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया जिसमे ओबीसी को 1123 पद आरक्षित थे। भर्ती प्रक्रिया संपन्न करके ओबीसी के मात्र 89 पद ही भरे गए तथा 889 पद रिक्त रखे गए ! सैकड़ो ओबीसी के अभ्यर्थियों को मेरिट मे उच्च अंक प्राप्त करने के कारण अनारक्षित मे चयन करके एस.ए.एफ. मे नियुक्ति दी गई ! जबकि उक्त अभ्यर्थियों को उनके ही वर्ग मे जिला पुलिस बल, स्पेशल ब्रांच,क्रांईम ब्रांच आदि मे दी गई वरीयता के आधार पर पदस्थापना दी जाना चाहिए थी।**





पुलिस विभाग द्वारा 62 प्रतिशत प्राप्त करने वाले ओबीसी अभ्यर्थियों को अनारक्षित मे रखा गया वही दूसरी ओर ओबीसी के कुछ अभ्यर्थियों जिन्होंने 65प्रतिशत अंक हासिल किए है उनको, ओबीसी वर्ग मे चयन करके जिला बल आवंटित किया गया तथा ओबीसी के 889 पद रिक्त छोड़कर सभी ओबीसी अभ्यर्थियों को अनारक्षित वर्ग मे चयनित करके बटालियन मे पदस्थपना दें दी गई । पुलिस विभाग तथा व्यापम के उक्त असंवैधनिक कृत्य को हाईकोर्ट मे याचिका दाखिल की गई। उक्त याचिका की प्रारंभिक सुनवाई जस्टिस संजय द्विवेदी की खंड पीठ द्वारा की गई ! याचिका कर्ताओ की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह द्वारा दिए गए तर्कों को गंभीरता से लेते हुए गृह सचिव, डी जी पी, ए डी जी पी (चयन ) तथा व्यापम को नोटिस जारी करके याचिका कर्ताओ द्वारा उठाए गए मुद्दों पर चार सप्ताह का समय दिया गया तथा प्रकरण की अगली सुनवाई 17/4/2023 नियत की गई है ! याचिका कर्ताओ की ओर से पैरवी अधिवक्ता रामेश्वर सिंह तथा अंजनी कुमार कोरी ने की।

## महिला से मारपीट करने पर मिली एक वर्ष की सजा

रांझी थानार्न्तगत मारपीट करने के आरोपी को जिला न्यायालय ने दोषी ठहराया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने गंभीर मामला मानकर, धारा 354, 323 भादवि के तहत आरोपी किशन कुमार सोनी निवासी रांझी को 01 वर्ष का साधारण कारावास एवं 15 सौ रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया है। जिला लोक अभियोजन अधिकारी अजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में शासन की ओर से पैरवी करते हुये सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी वर्षा वैध ने न्यायालय को बताया कि फरियादी महिला 23.09.2012 को दवाई लेने जा रही थी तभी आरोपी बुरी नियत से उसका हाथ पकड़कर उसके साथ झूमा झपटी करने लगा जिससे उसके सिर में चोट आई थी। प्रकरण थाने में पंजीबद्ध उपरांत पुलिस ने चालान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था।

## नेशनल एस सी कमिशन के मेंबर का स्वागत

**जबलपुर, यशभारत।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य सुभाष रामनाथ पारधी के जबलपुर आगमन पर लालमाटी *कछियाना राना निवास पर आयोजित कार्यक्रम* में वरिष्ठ समाजसेवियों ने शिरकत की। इस दौरान राज्यमंत्री श्री पारधी ने स्वर्गीय पूर्व विधायक मंगल पराग की पुण्य स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ाजपाअनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं महादलित परिसंघ महाकौशल प्रांत प्रमुखशशिकांत राना ने बताया कि परिवार से मुलाकात कर स्वास्थ्य की जानकारी ली, कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों ने कछियाना मोहल्ला लाल माटी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन भी सौंपा। कार्यक्रम महादलित परिसंघ* *जबलपुर के नेतृत्व मेंआयोजित किया गया।



# 806 आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों को भवन की जरूरत, विभाग की लापरवाही उजागर



**जबलपुर, यशभारत।** जिले में कुल 2483 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 1 लाख 63 हजार बच्चों की देखभाल और शिक्षा का जिम्मा है। इन केन्द्रों में से 806 भवन ऐसे हैं जो किराए के मकानों में चल रहे हैं। सरकार इन आँगनबाड़ी केन्द्रों में शिफ्ट किया जाना केन्द्रों के खुद के भवन बनाने के प्रति गंभीर है लेकिन अधिकारी इन प्रयासों को सफल नहीं होने दे रहे हैं। कई केन्द्र ऐसे हैं जो आधे-अधूरे बने हैं, जबकि कई केन्द्रों में बच्चों की संख्या कम है और उन्हें दूसरे चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। बताया जाता है कि 2483 में से 903 भवन सरकारी हैं और 774 अर्धशासकीय भवनों में आँगनबाड़ी चल रही हैं। प्रदेश सरकार आँगनबाड़ी केन्द्रों के खुद के भवन बनाने के लिए कुछ केन्द्रों का चयन करती है। पिछले 3 सालों के दौरान लगभग 47 भवनों को बनाने की अनुमति प्रदान की गई लेकिन कोरोना के कारण किसी केन्द्र का टेंडर ही नहीं हुआ तो किसी का कार्य रुका हुआ है। किराए पर चलने वाली कुछ आँगनबाड़ियों के भवन जर्जर हो गए हैं जिन्हें बदले जाने की माँग की जाती है लेकिन ऐसा नहीं हो पा

### अधूरे भवन में बंध रहे घोड़े

कैन्ट बोर्ड के तहत आने वाले वार्ड क्रमांक 1 व 5 में आँगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं, बांगड़ी मोहल्ले में नया केन्द्र बनाया जा रहा है और 3 साल पहले इसकी आधारशिला रखी गई। इसके लिए कैन्ट बोर्ड ने अपनी तरफ से लगभग 4 लाख 65 हजार रुपए प्रदान किए, जिससे भवन को लेंटर हाइट तक बना लिया गया। इसके बाद का कार्य इसलिए रोक दिया गया क्योंकि राज्य सरकार की ओर से मिलने वाली 3 लाख 50 हजार रुपए की राशि अभी तक मिल ही नहीं पाई। अब हालात ये हैं कि आधे-अधूरे भवन में आसपास के लोगों ने कब्जे कर लिए हैं और कोई यहाँ घोड़ा बाँध जाता है तो कोई ऑटो रख जाता है। रात होते ही यहाँ अनैतिक गतिविधियाँ होती हैं।






# पैरेंटिंग अलर्ट: 13 साल के बच्चों को हो रही बुजुर्गों वाली बीमारी

## हार्मोनल चेंज

**जबलपुर यशभारत। कोविड के दौरान घर से बाहर निकलना बंद हो गया। ऑनलाइन क्लासेज के चलते एक ही स्थिति बैठने की वजह से 13 साल के बच्चे का वजन ऐसा बढ़ा कि वह आर्थो अर्थराइटिस का शिकार हो गया। आमतौर पर यह बीमारी बढ़ती उम्र के साथ होती है। हार्मोनल चेंज होने से शरीर बेडौल हो गया और हड्डियों और घुटने में दर्द होने लगा। परेशान परिवार ने डॉक्टरों की मदद ली। इलाज के साथ ही सर्जरी कर समस्या को नियंत्रित किया गया।**

इस बच्चे की तरह कम उम्र में मोटापा बड़ी समस्या बनकर उभरी है। इसकी वजह मैदान से दूर होना और खान पान में नियंत्रण नहीं होना है। मेडिकल कॉलेज की चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. आशा तिवारी बताती हैं, उनके पास आने वाले 10 में से 4-5 बच्चे मोटापे की समस्या से परेशान होते हैं। ऐसा हेल्दी फूड की जगह जंक फूड ज्यादा खाने से हो रहा है। एक बार वजन बढना शुरू हुआ तो फिर इसे रोकना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि हार्मोनल चेंज भी आने लगते हैं। खतरनाक बात तो यह है कि बच्चों में वजन की वजह से हृदय सम्बंधी समस्याएं शुरू हो रही हैं और बीपी और शुगर के शिकार हो रहे हैं। जो भविष्य के लिए बहुत ही तकलीफदेह होने वाला है।बच्चों में मोबाइल टीवी की स्क्रीन टाइमिंग ज्यादा होने और फिजिकल एक्टिविटी कम होने के कारण ओवरवेट हो रहे हैं, जिसका सीधा असर जननांगों पर भी पड़ रहा है। 13 साल के एक लड़के का मामला सामने आया है। परिजनों की काउंसलिंग से पता चला कि वह है खेलने कूदने की अपेक्षा मोबाइल पे सबसे ज्यादा समय देता है । साथ में जंक फूड उसके फेवरेट हैं । इन कारणों से उसके हार्मोन चेंज हुए और जननांग की विकसित होने की प्रक्रिया भी धीमी पड़ गयी। वेट कम करने के लिए फिजिकल एक्टिविटी बढ़ाई गई।

# 2023 में शुभ विवाह के सात मुहूर्त
# एक अक्षय अबूझ मुहूर्त



**जबलपुर ,यशभारत।** शुभ विवाह के लिए मार्च में अब केवल सात दिन ही मुहूर्त बचे हैं। इस माह 5 से 13 मार्च तक विवाह की शहनाइयां गूंजेंगी। इसके बाद विवाह समारोहों पर 2 मई तक के लिए विराम लग जाएगा। अप्रेल में शादी ब्याह के लिए कोई मुहूर्त नही है। एक दिन 22 अप्रेल को अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त पर विवाह समारोह होंगे।

### मार्च में विवाह मुहूर्त

ज्योतिषाचार्य के अनुसार मार्च में सात विवाह मुहूर्त बचे हैं। 15 मार्च से खरमास लग जाएगा। इसके बाद गुरु ग्रह अस्त हो जाएगा। इसके चलते 2 मई से ही विवाह आरम्भ होंगे। इस बीच 5 मार्च को सुबह 04.09 बजे से अगले दिन सुबह 06.41 मिनट तक शुभ मुहूर्त है। इस दिन मघा नक्षत्र है। 6 मार्च को शुभ विवाह मुहूर्त सुबह 06.41 मिनट से शाम 04.17 मिनट तक है। इस दिन मघा नक्षत्र है। 9 मार्च को रात 09.08 मिनट से अगले दिन सुबह 5.57 बजे, 11 मार्च को सुबह 07.11 बजे से शाम 07.52 बजे, 13 मार्च को सुबह 08.21 से शाम 05.11 बजे तक है।

# रघुवीर वेयरहाउस गौरहा मझोली 32.28.589/ की वसूली पर हाईकोर्ट की रोक


**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में दायर याचिका सरिता अवस्थी प्रोपराइटर रघुवीर वेयरहाउस विरुद्ध शासन एवं अन्य में दायर याचिका में माननीय उच्च न्यायालय ने आवेदक के पक्ष में फैसला करते हुए शासन द्वारा 32.28.559 / राशि से संबंधित वसूली पर रोक लगा दी है। प्रकरण में आवेदक का पक्ष रखते हुए एडवोकेट सत्येंद्र ज्योतिषी ने न्यायालय के समक्ष बताया कि आ वेदिका रघुवीर वेयरहाउस गोरहा मझौली की प्रोपराइटर है आवेदिका का वेयरहाउस है जो कि मध्य प्रदेश वेयरहाउस एंड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन शाखा सिहोरा जिला जबलपुर के अंतर्गत आता है आ वेदिका के वेयरहाउस में वर्ष 2019 एवं 20 में धान का भंडारण किया गया था भंडारण के समय जो धान रखी गई थी उसकी आद्रता लगभग 16त्न थी परंतु जब उसे गोदाम से निकाला गया तो उसकी आद्रता (सूखद) 9.1 एंड 9 . 3 के लगभग पाई गई जिस की कमी को देखते हुए मध्य प्रदेश वेयरहाउस एंड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन ने आ वेदिका के ऊपर 17. 90 080.हजार एवं 2020 और 2021 -22 के धान भंडारण में से 14.38.479 रु जो कुल 32.28.559 / की रिकवरी आवेदक का के ऊपर लगाई गई अधिवक्ता के द्वारा न्यायालय के समक्ष यह बताया गया कि वेयरहाउस एक्ट के प्रावधान के अनुसार किसी भी प्रकार की कमी एवं सुखद पर वेयरहाउस के मालिक को दोषी नहीं ठहराया जा सकता ना ही उसके ऊपर इसी प्रकार की रिकवरी की जा सकतीमाननीय उच्च न्यायालय ने उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आ वेदिका के ऊपर लगाई गई रिकवरी (बसूली) पर रोक लगाते हुए अन आवेदक गणों को नोटिस जारी किया एवं जवाब प्रस्तुत करने के लिए 3 सप्ताह का समय प्रदान किया है एवं अवेदिका ऊपर लगाई गई रिकवरी पर भी रोक लगा दी है। न्यायालय में आवेदक का का पक्ष एड सत्येंद्र ज्योतिषी एवं एड सौरभ सोनी ने रखा।

# शर्तों के साथ व्हीएफजे इस्टेट से गुजर सकेंगे बड़े वाहन

## पार्षदों और व्हीएफजे प्रबंधन में चर्चा के बाद बनी सहमति

**जबलपुर यशभारत।** व्हीएफजे इस्टेट से लगे रांझी उपनगरीय क्षेत्र बिलपुरा मड़ई इंद्रा नगर और आसपास के क्षेत्रों में परिवहन करने वाले बड़े वाहनों पर व्हीएफजे इस्टेट से गुजरने की रोक क्षेत्र के पार्षदों और व्हीएफजे प्रबंधन के बीच चर्चा के बाद हटा ली गई है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों गुरु गोविंद सिंह और बिरसा मुंडा वार्ड के पार्षद गार्गी रामकुमार यादव और मथुरा चौधरी की अगुवाई में व्हीएफजे गेट पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन देकर मांग की गई थी कि व्हीएफजे इस्टेट से गुजरने वाले वाले वाहनों के प्रतिबंध को हटाने की मांग की गई थी ।दोंनो पार्षदों का कहना था कि व्हीएफजे बनने के पहले से आसपास के लोग उक्त रास्ते का उपयोग करते आ रहे हैं ।मनाही के बाद से नागरिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो रहे थे ।जिसको लेकर आंदोलन किया गया था ।शनिवार को व्हीएफजे के सुरक्षा अधिकारी कर्नल भूपिंदर सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें रामेश्वर मीणा संयुक्त महाप्रबंधक राहुल तिवारी सुरक्षा विभाग जगदीश सिंह ठाकुर दोनों जे डब्ल्यू डब्ल्यू एम के साथ पार्षद गार्गी रामकुमार यादव और मथुरा चौधरी के साथ बैठक हुई ।बैठक में तय हुआ कि बड़े वाहनों को टोल टैक्स के साथ शारदा नगर मार्ग से प्रवेश दिया जायेगा ।बड़े वाहन शोभापुर प्रवेश नहीं करेंगे और उनसे आवश्यकता होने पर पूछताछ हो सकती है।

## परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित



**जबलपुर, यशभारत।** जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा शासन से मान्यता प्राप्त संगठनों की बैठक का आयोजन डीईओ कार्यालय में किया गया ।इस बैठक में शासन से मान्यता प्राप्त संगठन एवं उनके पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर विभिन्न एजेंडो पर विचार विमर्श किया। संगठनों के द्वारा एक तरफ विभाग की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई तो दूसरी तरफ शिक्षा हित में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बैठक में सकारात्मक रूप से विभिन्न एजेंडो जैसे कि अनुकंपा,अतिशेष,शिक्षको को कंप्यूटर प्रशिक्षण,मेडिकल बिलों का भुगतान,पदोन्नति,क्रमोन्नति इत्यादि पर विस्तृत चर्चा हुई जिसका निराकरण आदरणीय जिला शिक्षा अधिकारी महोदय श्री घनश्याम सोनी जी के द्वारा किया गया। अब विभाग में नियमित परामर्शदात्री की बैठके होगी। जिले में शिक्षा गुणवता बढ़ने के लिए सभी ने सामूहिक रूप से सहमति दी ।बैठक के अंत में परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित कराने हेतु आदरणीय जिला शिक्षा अधिकारी महोदय घनश्याम सोनी जी का सभी संगठनों ने संयुक्त रूप से आभार व्यक्त किया। बैठक में मप्र राज्य कर्मचारी संघ क्लरूस से कृष्ण कांत शर्मा,सुरेंद्र पाठक दीपक तिवारी मप्र शिक्षक कांग्रेस से विश्वदीप पटेरिया,इंद्रपुरी गोस्वामी मप्र शिक्षक संघ से सुनील पचोरी, विवेक रंजन शुक्ला,आशीष तिवारी, मप्र अजाक्स संघ से योगेश चौधरी, लघुवेतन कर्मचारी संघ से रविकांत दहायत,राजकुमार केवट मप्र राज्य कर्मचारी से नरेश शुक्ला ,मधु नामदेव उपस्थित रहे।

# डॉ नानासाहेब धर्माधिकारी प्रतिष्ठान रेवदंडा द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान



**जबलपुर, यशभारत।** तीर्थरूप श्री नानासाहेब धर्माधिकारी के जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में डॉ नानासाहेब धर्माधिकारी प्रतिष्ठान के द्वारा आयोजित एवं पद्मश्री आ. ति. अप्पा साहेब धर्माधिकारी व सचिन दादा धर्माधिकारी के मार्गदर्शन में एकता चौक से एसबीआई चौक तक स्वच्छता अभियान का कार्य किया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निगमायुक्त स्वप्निल वानखेड़े व अध्यक्षता श्री कमलेश अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम द्वारा की गई.स्वच्छता अभियान में श्री समर्थ बैठक के लगभग 150 श्री सदस्य ने सफाई कर, स्वच्छता का संदेश जन ज़न तक पहुंचाया।

## आर्यरा फाउंडेशन व गैलेक्सी हास्पिटल का आयोजन

# मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता रखें स्वास्थ्य के प्रति रहें सचेत




**जबलपुर, यशभारत।** सकारात्मक उर्जा और प्रगतिशील विचारधारा के साथ, विगत पांच वर्षों से, महिलाओं तथा समाज के विभिन्न आयु वर्ग के लोगों के मध्य, मासिक धर्म जैसे विषय पर, जागरूकता फैलाने हेतु, छायांके चेरिटबल ट्रस्ट, की संस्थापिका और संचालिका श्रीमती निधि मिश्रा, वर्जनाओं को तोड़ें* मासिक धर्म के विभिन्न पहलुओ के बारे में, सार्थक जागरूकता अभियान, युवा दिवस, विवेकानंद जयंती से लेकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस तक संचालित करती है !क धर्म ऑनलाइन गोष्ठियों मे अपने विचार रखे । आर्यरा फाउंडेशन और गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से इस वर्ष यह आयोजन वृहद रूप से संपन्न हुआ है! देश के विभिन्न शहरों और महानगरों के चिकित्सकों के साथ, दुबई, अमेरिका, यूरोप से भी, विभिन्न क्षेत्रों मे काम करने ने वाली प्रतिष्ठित महिलाओं और पुरुषों ने ऑनलाइन गोष्ठियों मे अपने विचार रखे। छायांके ट्रस्ट की संस्थपिका श्रीमती निधि मिश्रा, इस वर्ष ब्रेक द टाबू (पीरियड्स अवेरनस)* के सफलता पूर्वक संपन्न होने का श्रेय, आर्यरा फाउंडेशन और गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग, और सुश्री निकिता केवट (मिस एम. पी. 2020) को देती है! सुश्री निकिता ने लगातार दो माह तक, सामुदायिक जागरूकता अभियान को अधिकाधिक महिलाओं को पहुचाने हेतु अथक प्रयास किया है। आर्यरा फाउंडेशन की ओर से सुश्री प्रतिभा पटेल, सुश्री किरन पटेल तथा नर्सिंग स्टाफ के द्वारा जबलपुर के आसपास के ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों मे मासिक धर्म की स्वक्षता, सावधानियाँ और स्वास्थ के प्रति जागरूकता लाने सेनिटरी पैड्स का वितरण किया गया! इंटरनॅशनल विमनन्स डे के दिन निकिता और प्रतिभा के प्रयासों की सराहना सभी के द्वारा हो रही है! गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. अखिलेश दुबे हृदय रोग विशेषज्ञ , हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. हरिशंकर चंदेल, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अमितेश चतुर्वेदी ने, वर्जनाओं को तोड़ें सार्थक जागरूकता अभियान के, सफलता पूर्वक संपन्न होने के लिए, पूर्ण सहयोग तथा शुभकमाए प्रदान की। हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ विवेक गुप्ता दाँत रोग विशेषज्ञ, डॉ. पवन सोनी (न्यूरोलॉजिस्ट), डॉ. सुनील पटेल अस्थि रोग विशेषज्ञ , तथा बाल और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नंदन शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएँ सभी को दी।

# पुरानी सड़क को न हटाकर उसी के ऊपर बना दी सड़क

## जगह-जगह खोदे गए सीवर लाइन के गड्ढे, 4 माह से झाड़ू तक धूल वाली सड़कों में नहीं लगी



**जबलपुर, यशभारत।** गुलौआ चौक गढ़ा से गौतम जी की मढ़िया के पास तक बनी सड़कों के उपर फिर से सीमेंट का लेप चढ़ाकर बन रही एक के उपर दूसरी सड़क इन दिनों आसपास के रहवासियों के लिए मुसीबत का सबब बनी है। सड़क के बाजू में बने मकान के रहवासियों का कहना है कि एक के उपर एक सड़क बनाकर जो मुख्य सड़क का मरम्मतीकरण का कार्य नगर निगम और जिम्मेदारों के द्वारा किया जा रहा है उससे सड़क की ऊंचाई बढ़ रही है और उनके मकान व दुकानें सड़क से बिल्कुल सट गई हैं। जिससे सड़क की धूल सीधे घरों में जा रही है। इसके साथ ही बारिश में मकानों पर पानी भरने की आशंका भी स्थानीय रहवासियों ने जताते हुए अपनी परेशानी बताई है। इस समस्या से कई मकानों की हाइट भी सड़क से बहुत नीचे आ गई है। जो कि क्षेत्रीय रहवासियों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

### जर्जर सड़क को हटाकर बनानी थी नई सड़क

नियमानुसार अगर कहीं की सड़क खराब हो गई है तो उसे पूरी उखाड़कर जिस हाइट से सड़क बनी है उसे नए तरीके से बनवाना चाहिए। जबकि इन दिनों गुलौआ चौक से गौतम मढ़िया तक के बीच में कुछ इसी तरीके से सड़क निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। शहर में ऐसा कई इलाकों में देखा गया है कि जर्जर सड़क को सुधारने उसमें सीमेंट का लेप लगाकर या डामलीकरण करके सड़क को बनाया गया है। वहीं गौतम मढ़िया से लेकर पंडा की मढ़िया तक की रोड भी ऐसे ही पुरानी सड़क के उपर दूसरी सड़क बना दी गई है।



सड़क पर फैली गिट्टी



क्षेत्र में पसरी धूल

### धूल बना रही अस्थमा का शिकार....

इसके साथ ही रानीदुर्गावती स्कूल गंगानगर के पास से लेकर रूद्राक्ष पार्क तक के बीच सीवर लाइन के लिए खोदा गया गड्ढा और गड्ढे को पूरने के लिए उसमें भरी हुई गिट्टी से स्थानीय लोग और राहगीर बेहद परेशान होते नजर आ रहे हैं। इन दिनों सड़क पर धूल और गिट्टी के सिवा कुछ नजर नहीं आ रहा है। क्षेत्रीय रहवासी शैलेंद्र बडगैयां ने बताया कि पिछले करीब 4 माह से रानी दुर्गावती स्कूल के पास की सड़क से लेकर महावीर नगर में जो सीवर लाइन के लिए गड्ढा खोदा गया है उसकी भरी हुई गिट्टी उचट-उचटकर किसी को भी लग रही है। क्षेत्र में इतनी धूल हो गई है जिस वजह से स्थानीय रहवासियों को अस्थमा जैसी बीमारियां भी हो रहीं हैं। आसपास के रहवासियों की माने तो जहां-जहां सीवर लाइन के गड्ढे उनके क्षेत्र में खोदे गए हैं वहां जिम्मेदारी लेने वाले झाड़ू तक लगाने नहीं आते और न ही पानी का छिड़काव होता है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि करीब 4 माह से महावीर नगर, रानीदुर्गावती स्कूल के पास वाली पूरी सड़क पर झाड़ू तक नहीं लगी है। क्षेत्रीय पार्षद का भी ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है।

**हाइट बढ़ने से रहवासियों को मुसीबतें**

# ब्रांड एंबेसडर लहरी बाई को करीब ढाई माह के अंदर मिलेगी जमीन

### डिंडोरी कलेक्टर ने किया सपना साकार, डिंडोरी जिले के करीब 880 आदिवासी परिवारों की करेंगे मदद

**जबलपुर, यशभारत।** पूरे देश में मिलेट्स अनाज की ब्रांड एंबेसडर लहरी बाई को अब जल्द ही मोटे अनाजों के बीजों की खेती करने जमीन मिलेगी। अब उसे वन विभाग परेशान नहीं करेगा। लहरी बाई को न्याय दिलाने में डिंडोरी कलेक्टर विकास मिश्रा ने अहम योगदान दिया है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि जिले में करीब 880 बैगा आदिवासी परिवार रह रहे हैं जिनके पास खुद की जमीन नहीं है। लहरी बाई जो जमीन मांग रही थी वो वन विभाग की सीमा में आ रही है। वन विभाग के जिम्मेदारों से बात करके नियमानुसार रूप से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने लहरी बाई को जमीन दी जाएगी जिससे वह कोदो, कुटकी सहित अन्य मोटे अनाजो के बीजों की खेती कर सके। कलेक्टर के अनुसार वे पूरे जिले में रहने वाले आदिवासी परिवारों को जमीन देने प्रयास कर रहे हैं।

### 25 सालों से लड़ रहे अपने हक की लड़ाई

जानकारी के अनुसार डिंडोरी जिले में करीब 880 बैगा आदिवासी परिवार रह रहे हैं जिनके पास खुद की कोई जमीन नहीं है। इन सभी ने कलेक्ट्रेट में जमीन के पट्टे के लिए आवेदन दे रखा है जिससे उन्हें न्याय मिल सके। पीएम मोदी के द्वारा नवाजी गई डिंडोरी जिले के ग्राम सिलपिड़ी में रहने वाली मिलेट्स यानि मोटे अनाजों की ब्रांड एंबेसडर लहरी बाई ने यशभारत को बताया कि करीब 100 से अधिक बैगा आदिवासी ऐसे हैं जो कि वन अधिकार पट्टा पाने के लिए पिछले 25 सालों से संघर्ष कर रहे हैं। लहरी बाई ने अपने घर के पास बनी मिट्टी की कोठी में कोदो, कुटकी, लाल डोंगर, बहेरी कोदा, डोंगर कुटकी, बड़े कोदो, लहरी कोदो, सल्हार सहित अन्य बीजों को संग्रहित करके रखा है।



### इन इलाकों में घूम-घूमकर किया था संग्रह

लहरी बाई ने अपने माता-पिता और पड़ोस की कुछ बैगा आदिवासी सहेलियों के साथ मंडला, बालाघाट, डिंडोरी, अनूपपुर सहित आसपास के अन्य ग्रामीण अंचलों में घूम-घूमकर 60 किस्म के मोटे अनाजों के बीजों को एकत्रित किया और फिर इन सभी बीजों को अपने घर पर बनी मिट्टी की कोठी में सहेजकर रखा है। जानकारी के अनुसार मिलेट्स यानि मोटे अनाज के उत्पादन में छत्तीसगढ़ नंबर पर है जबकि मध्यप्रदेश दूसरे नंबर है। विदित हो कि 3 दिन पहले जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में मिलेट्स, अनाज पर दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में आयोजित प्रदर्शनी में हिस्सा लेने जबलपुर आई थीं। जहां पर उसने खजुराहो सांसद वीडी शर्मा से वन विभाग की शिकायत कर अपनी दास्ता सुनाईं थीं।

“ देश में मिलेट्स की ब्रांड लहरी बाई को मनरेगा की योजना का लाभ देने के साथ खेत तैयार करके दिया जाएगा। लहरी बाई द्वारा मांगी गई जमीन के पट्टे की स्वीकृति को आगे बढ़ा दिया गया है। करीब 2 से ढाई माह में लहरी बाई को जमीन मिल जाएगी।

**-विकास मिश्रा, कलेक्टर डिंडोरी।**

केला चिप्स | AK's Pure & Tasty Special JABALPUR | चना जोर गरम
रोस्टेड फूड जंक्शन ड्राई फूड
रोस्टेड चना | रोस्टेड पी नट | नमकीन | चिक्की | ड्राई फ्रूट
जनता साईकिल के बाजू में, बड़ी ओमती चौक, जबलपुर मोबा. 7987145201, 9993418910

## कनाडा से तकनीक सीखकर आए और गुरुद्वारे में लगाया मध्यप्रदेश में सबसे ऊंचा निशान साहब



**जबलपुर, यशभारत।** आस्था के अनेक रंग हैं। ऐसा ही आस्था का एक अद्भुत रंग संस्कारधानी के ग्वारीघाट गुरुद्वारे के निशान साहब में देखने को मिलता है। नगर के एक बुजुर्ग ने अपनी कनाडा यात्रा के दौरान वहां के एक गुरुद्वारे में हाइड्रोलिक सिस्टम से चढ़ने-उतरने वाला निशान साहब लहराते देखा। उन्होंने ठान लिया कि ऐसा ही निशान साहब वे शहर में भी लगाएंगे। मेहनत से मंसूबे साकार हुए और उन्होंने ग्वारीघाट गुरुद्वारे में मध्यप्रदेश का सबसे ऊंचा 100 फिट का केसरिया निशान साहब स्थापित कर दिया।

## नाबालिग का किडनैप कर दुष्कर्म

### मंडला में बंधक बनाकर रखा, आरोपी के चंगुल से छूटी पीड़िता पहुंची थाने



**जबलपुर, यशभारत।** प्रेम के झांसे में फांसकर आरोपी युवक ने पहले तो नाबालिग को घुमाने के बहाने मंडला लेकर भाग गया फिर वहां करीब एक सप्ताह तक बंधक बनाकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म करता रहा। जिसकी गिरफ्त से छूटकर भागी नाबालिग सीधे महिला थाना पहुंची। जहां पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर, आरोपी को तलाश करने में जुटी है।

पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी 27 वर्षीय युवक मंडला का निवासी है जो यहां जबलपुर में मजदूरी करने आया था। जहां पीड़िता को आरोपी ने पहले तो अपनी मीठी मीठी बातों में फांसा और फिर उसे बहलाकर घुमाने ले गया। जहां उसके साथ बलात्का करता रहा।

**परिजनों ने लिखाई थी रपट**

पीड़िता के घर से गायब होने के बाद परिजन अपनी बेटी को पागलों की तरह पूरे शहर में खोजते रहे। लेकिन जब कहीं पता नहीं चल सका तो थकहार कर थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। जिसके बाद पुलिस ने अपहरण की एफआईआर कर, मामले को जांच में लिया था।

**बढ़ाई गई धाराएं**

पुलिस ने बताया कि मंडला में युवक की गिरफ्त से मुक्त होकर पीड़िता थाने पहुंची। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामले में बलात्कार की धाराएं बढ़ाई है। आरोपी युवक मौके से फरार है। जिसकी तलाश करने अब मुस्तैद पुलिस जगह जगह छापेमार कार्रवाई कर रही है।

### नाम परिवर्तन

मै विष्णु स्वरूप दुबे यह घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र का पुराना नाम तकशील दुबे था। जिसे कार्यालय ग्राम बीझावड़ा जनपद पंचायत सिवनी म.प्र. से पंचयात पंजी से नाम बदलकर मेरे पुत्र का नाम करंज दुबे पिता विष्णु स्वरूप दुबे किया गया है। जो सही व सत्य है। मेरे पुत्र के सभी रिकार्ड में उसका नाम करंज दुबे पिता विष्णु स्वरूप दुबे दर्ज करने हेतु शपथपत्र प्रस्तुत है। मेरे पुत्र को उसके नय नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा जाये।

**पुराना नाम- तकशील दुबे**
**नया नाम- करंज दुबे**
पताः- म.नं. 1352, आनंद आक्षया उखरी रोड आनंद कालोनी जबलपुर

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकारगण श्रीमती सविता पांडे पति श्री राजेश पांडे एवं श्रीमती सरला पांडे पति श्री अतुल पांडे निवासी पटेल नगर, महाराजपुर जबलपुर मप्र की ओर से अधिकृत होकर प्रत्येक व्यक्ति, संस्था निकाय, बैंक को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकारगण द्वारा संयुक्त मौजा महाराजपुर तह. पनागर, जिला जबलपुर सिति पुराना खसरा नं 307/1 का भाग नामांतरण पश्चात वर्तमान खसरा नं 307/46 डायवर्सन प्लाट क्र एफ 4 पटेल नगर महाराजपुर का कुल विक्रय प्लाट रकबा 30 फुट बाई 50 फुट अर्थात 1500 वर्गफुट प्लाट है, को क्रय करने का अनुबंध श्रीमती लज्जो (लज्जा) देवी पति श्री विजय सिंह क्षत्रिय निवासी क्वाटर क्र 2431/ए व्हीएफजे इस्टेट जबलपुर मप्र के साथ निष्पादित किया है। यह कि उक्त प्लाट श्रीमती लज्जो (लज्जा) देवी द्वारा श्रीमती शुभांका तिवारी पत्नी संदीप तिवारी निवासी पुलिस क्वाटर नं 691, थाना सिविल लाइन तह. व जिला जबलपुर मप्र के साथ पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 25/10/2010 के दस्तावेज क्र 1158 के माध्यम से क्रय किया था। यह कि उक्त संपत्ति मेरे पक्षकारगण क्रय कर रहे हैं जिसका निकट भविष्य में पंजीयन को निष्पादित किया जावेगा, के संबंध में आम जनमानस, संस्था, निकाय, वित्तीय शासकीय/ अशासकीय बैंक आदि को किसी भी प्रकार की आपत्ति की स्थिति में आज दिनांक से 10 दिन केभीतर मुझसे आकर संपर्क करें और दस्तावेज सहित आपत्ति दर्ज करावें। उक्त समय सीमा के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जबलपुर
दिनांक 04/03/2023

**भवदीय**
**एड. पी. बालकृष्णा**
**मो. 9479493411**

## कहा- आर्शीवाद देकर हो गया गायब

# गुप्तदान का बहाना बनाकर सोने की चेन और अंगूठी की पार

**जबलपुर, यशभारत।** थाना पनागर में ठगी का एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है। जहा, गुप्त दान का हवाला देकर इलेक्ट्रिकल्स दुकान संचालक की हजारों रुपये की सोने की चैन और अंगूठी पार कर आरोपी ठगबाज मौके से फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि मनीष जैन 45 वर्ष निवासी पनागर ने बताया कि उसकी इलेक्ट्रिकल्स दुकान कमानिया गेट के पास है। जब वह अपनी दुकान में था तभी एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 52 वर्ष का आया। उसने दुकान से बल्व खरीदे और कहा कि वह पनागर जैन मंदिर में गुप्त दान करने आया है। उसने उक्त व्यक्ति से नाम पूछा तो नहीं बताया और कहा कि नरसिंहपुर के पास का निवासी हूं। ठग ने दुकानदार को 500 रूपये के 2 नोट और 100 रूपये का एक नोट कुल 1100 रूपये दिये और कहा कि आप रूपये रखकर गुप्त दान कर देना

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंड़लियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
50 मिली. मामजेसिक लिनिमेन्ट — Arthritis, Sciatica, Spondylitis, Backache, Muscular Pain, Sprains, Strains, Headache, Myostis — 100% Ayurvedic PAIN KILL OIL Mamgesic Liniment
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
चिपचिपाहट रहित
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
व्यावसायिक पूछताछ 9826035091 सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./2720/अ-6/2022-2023

**// इश्तहार //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रेमलाल कोरी पिता स्व. बिहारी लाल कोरी निवासी 433, बेलबाग रोड महर्षि अरविंद वार्ड द्वारा नामांतरण खैरी खसरा नं 179/1 रगवा 0.0200 हेक्टे. पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं खसरा की छायाप्रति सत्यापित प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत कि है वर्तमान में राजस्व अभिलेख में मौजा खैरी खसरा नं 179/1 रकवा 0.0200 हेक्टे वर्गफुट पर दौलत बाई पति बिहारीलाल नि. 433 खैरी ओमती जबलपुर का नाम दर्ज है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति न्यायालय में पेशी दिनांक 6/3/23 तक उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक20/2/23 को इश्तहार जारी किया गया।**

जारी दिनांक - 28/2/23
पेशी दिनांक - 06/3/23

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

हमारे प्रेरणास्त्रोत पत्रकार अरूण शुक्ला
आशीष कंसल्टेंसी
Email-ajayshukla2680@gmail.com
मो. 9425154156, 9826176903
नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, बटवारा, वसीयतनामा इत्यादि
पता - आशीष ट्रांसपोर्ट बलदेव बाग जबलपुर

SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS In association with SMJ Trust
मेडिकल इमरजैंसी में आपके साथ !!
95758 01020
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर, अहिंसा चौक, विजयनगर, जबलपुर

निःशुल्क - निःशुल्क - निःशुल्क - परामर्श
॥जय भद्रकाली॥
भद्रकाली ज्योतिष मन्नत धाम पुरवा
YouTube सर्च -मेरे गुरुदेव,भविष्यफल वास्तु, एस्ट्रो विशेषज्ञ
9300347944, 6262590643
हस्तरेखा, कुंडलीनिर्माण, राशिरत्न, मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक। कुंडलीदोष, मंगलीदोष, कालसर्प, पितृदोष, संतान, नौकरी-व्यापार, विवाह। परिचय सम्मेलन, पति पत्नि में कलह, बच्चो कहना ना माने, गलत संगत, शराब। नशामुक्ति, सफेद दाग, बालों का झड़न, चर्मरोग, पिंपल, रोग, बाधा बीमारियाँ। आमावस्या, पूर्णिया आये, बुरी नजर, गृहशांति, पूजन-पाठ, महापुराण आदि।
12 राशि के 12 रत्न
कौन सा वास्तु दोष आपकी परेशानी की वजह है

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
Life Care ICU Caring For Life
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन, Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

साँई हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं साँई टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्टी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपेरेशन व इलाज की सुविधा
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

# होली महापर्व 2023

# होलिका दहन और विशेष मुहूर्त

**प्रदोष काल व्यापिनी फाल्गुन पूर्णिमा के दिन भद्रा रहित काल में होलिका दहन किया जाता है। यदि पूर्णिमा दो दिन प्रदोष व्यापिनी हो अथवा दूसरे दिन वह प्रदोष से पूर्व ही (सूर्यास्त से पहिले ) समाप्त हो जाये, तब पहिले दिन भद्रामुख को छोड़कर अथवा भद्रा पुच्छ में निशीथकाल से पहिले ही भद्रा समाप्त हो जाये तो प्रदा समाप्ति पर ही होलिका दहन करना चाहिये, ऐसी शास्त्र की आज्ञा है ।**

शास्त्रों में होलिका दहन के संबंध में स्पष्टीकरण में कुछ विशेष नियम प्रतिपादित किये हैं।

यदि - 1. यदि दूसरे दिन पूर्णिमा प्रदोष काल को स्पर्श न करें तथा पहिले दिन प्रदोष काल में भद्रा विद्यमान हो तथा साथ ही दूसरे दिन पूर्णिमा सार्ध त्रियाम व्यापिनी ( साढ़े 3 प्रहर या इससे अधिक काल तक व्याप्तहो ) एवं अगले दिन प्रतिपदा तिथि वृद्धिगामिनी ( फाल्गुन पूर्णिमा के भोगकाल से अधिक भोग वाली हो ) तब अगले दिन प्रदोष व्यापिनी प्रतिपदा में ही अथवा सायं काल में ही होलिका दहन किया जाता है।



2. यदि यहां पूर्णिमा चाहे साध्य त्रियाम व्यापिनी( साढ़े 3 प्रहर से अधिक हो ) परन्तु प्रतिपदा तिथि हासगामिनी ( प्रतिपदा का कुल भोगकाल, पूर्णिमा के भोगकाल से न्यून हो ) तो पहिले दिन पूणिज़्मा में ही भद्रा आक्रांत प्रदोष काल व्यापिनी पूर्णिमा में ही भद्रा के पुछ काल में अथवा भद्रा मुख को छोड़कर होलिका दहन करना चाहिये । यदि यहां निशीथकाल के बाद भद्रा समाप्त हो तो भद्रा मुख को छोड़कर भद्रा में ही होलिका दहन किया जायेग, ऐसा शास्त्र का निर्देश है।

3. इस वर्ष पूर्णिमा तिथि 64 घटी 21 पल है और प्रतिपदा का मान 63 घटी 15 पल है, इसलिये होलिका दहन 6 मार्च को रात्रि 12 बजकर 11 मिनिट के बाद रात्रि 1 बजकर 23 मिनिट के मध्य होलिका दहन करना शास्त्र सम्मतहै और इसके बाद भी होलिका दहन कर सकते हैं । 4. सोमवार 6 मार्च को पूर्णिमा शाम 4 बजकर 6 मिनिट से प्रारम्भ होकर दूसरेदिन मंगलवार 7 मार्च को शाम 5 बजकर 48 मिनिट तक है, उसके बाद प्रतिपदा तिथि प्रारम्भ हो जाती है। पूर्णिमा सार्ध त्रियाम व्यापिनी ( साढ़े तीन प्रहर से अधिक ) वृद्ध गामिनी है और प्रतिपदा का कुल भोग काल पूर्णिमा के कुल भोग काल से न्यून हासगामिनी है। इसलिये पहिले दिन ही भद्रा आक्रांत प्रदोष व्यापिनी वृद्धगामिनी पूर्णिमा में ही भद्रा के पुच्छ काल में अथवा भद्रा मुखकाल को छोड़कर होलिका दहन किया जाना चाहिये, ऐसा शास्त्र निर्देश है । इसलिये 6 मार्च को रात्रि 12 बजकर 11 मिनिट के बाद रात्रि1 बजकर 23 मिनिट के पहिले होलिका दहन करना शास्त्र सम्मत है । 5. होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर कंडों, खरपतवार सूखीघास फूस का इस्तेमाल करें। पर्यावरण शुद्ध बनाने में अपना सहयोग दें ।

**नोट:**- मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बनारस, गुजरात, महाराष्ट्र, कश्मीर आदि में देश के सभी प्रान्तों में 6 मार्च को होलिका दहन होगा,केवल भारत के पूर्वी भाग जहां सूर्योदय पहिले होता है, बिहार, बंगाल, उडीसा आदि में पूर्णिमा तिथि का मान कम होने से और प्रतिपदा तिथि का मान कम होता है, वहां ता. 7 मार्च को होलिका दहन किया जायेगा ।

## - होली के दिन कामदेव को मिला था जीवन

होलिका दहन के बारे मे ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास ने अरुणोदय पंचांग मे भी शास्त्र सम्मत लिख दिया था कि होलिका दहन 6 मार्च को रात्रि 12 बजकर 11 मिनिट के बाद रात्रि 1 बजकर 23 मिनिट के पहिले करना शास्त्र सम्मत है। होली के त्योहार में भक्त प्रहलाद और होलिका के अलावा और भी कुछ संस्मरण शास्त्रों में वर्णित है इसी दिन भगवान शिव ने कामदेव को भस्म करने के बाद पुनर्जीवित किया था इसी दिन राजा पृथु ने राज्य के बच्चों को ढूंढी राक्षसी से बचाने के लिए उसका वध किया था।

## होलिका दहन में यह है विशेष सावधानियां

- सास बहु को साथ साथ होलिका दहन नहीं देखना चाहिए नहीं तो घर में क्लेश का वातावरण बना रहता है।

- जिन कन्याओं का विवाह तय हो गया है उन्हें भी होलिका दहन नहीं देखना चाहिए- जिनकी नयी शादी हुयी है उन्हें भी होलिका दहन को देखने से बचना चाहिएगर्भवती महिलाओं को भी होलिका पूजन और दहन से दूर रहना चाहिए।

# मन के जुड़ाव का सतरंगी उल्लास



**यूं तो जीवन का कोई हिस्सा रंगों से अछूता नहीं पर फाल्गुन के मौसम में तो मानो रंग खुद मन की देहरी पर दस्तक देने लगते हैं। लगता है जैसे हवा में ही रंग घुल गया हो। सभी का मन त्योहारी रंगत का स्वागत करने को आतुर भी होता है। पहाड़ों पर खिले टेसू, खेतों में लहलहाती सरसों और बाग-बगीचों में खिले रंगीन फूलों के बीच यह त्योहारी इन्द्रधनुष हर मन और आंगन का द्वार खटखटाने लगता है।**

इस सतरंगी अहसास की आमद का स्वागत करते हुए मन उल्लास और उमंग से भर उठता है। साथ ही अपनेपन की अनुभूति के रंग भी हर ओर बिखरने लगते हैं।

## मेलजोल का इन्द्रधनुष

होली ऐसा त्योहार है जिसमें इंसान ही नहीं, धरती भी रंगों से श्रृंगारित होती है। खिलते टेसू और सेमल की रुत में मन भी नई रंगत में रंग जाता है। खेतों में सरसों खिल उठती है तो बाग-बगीचों में फूलों की क्यारियां रंगों से भर जाती हैं। रंगों की इस आमद के बीच मेल-मिलाप के स्नेहमयी गुल भी खिलते हैं। प्रकृति और मन से सीधा सम्बन्ध रखने वाला यह पर्व, परिवार ही नहीं पूरे समाज के साथ मिलकर मनाया जाने वाला उत्सव है। यह उल्लास औपचारिकताओं से परे है। सामाजिक रूप से एक-दूजे से जुड़ाव रखना और सुख-दुख में भागीदार बनना, हमारी परंपरा और संस्कृति में समाये इंसानी रंगों को जीवंत रखने का माध्यम रहा है। यही वजह है कि होली के रंग दिलों की दूरियां तो मिटाते ही हैं, अपनों को और करीब लाने वाले भी होते हैं। अपनों से, समाज से कटकर रहना जीवन को बेरंग बना देता है। मन को थका देता है। ऐसे में रंग पर्व की उत्सवधर्मिता में मानवीय और पारिवारिक जुड़ाव को जीने की रीत रिश्तों में साथ-स्नेह के रंग भरती है। समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव को बढ़ाने वाला यह रंगीन त्योहार हर रिश्ते को सहेजने की सीख देता है। इतना ही नहीं मानवीय मूल्यों की परंपरा और एकता को भी होली के त्योहार ने खूब सहेजा है। जुड़ाव की यही सोच सामाजिकता का आधार बन इस त्योहार को और रंग-बिरंगा बना देती है।

**डॉ. मोनिका शर्मा**

## सकारात्मकता की रंगत

होली का सतरंगी उल्लास सकारात्मकता को पोषित करता है। इस परिवेश में अपनों के ही नहीं बल्कि परायों के भी मन मिल जाते हैं। ऐसे में हर ओर खिले-खिले रंगों की दस्तक परिवार और समाज में साथ के भाव को पोषित करती है। आपसी कड़वाहट भुलाकर बस एक ही रंग में रंग जाने का संदेश देने वाले होली के पर्व को एक साथ मिल-जुलकर मनाने का उल्लास और उमंग देखते ही बनता है। इतना ही नहीं, जमीन से जोड़ने वाला यह रंगीन उत्सव हर तरह की ऊंच-नीच और भेदभाव से परे भी है। घर-घर जाकर रंग लगाने की परंपरा सारी कटुता भुला देती है। अबीर के लाल रंग में आस-पड़ोस और रिश्तेदारों से लेकर दोस्तों तक सब रंग जाते हैं। सभी प्रेम स्वरूप एक-दूसरे को रंग लगाकर सुखद साथ के उल्लास को जीते हैं। इस सहज मेलजोल का भाव आंचलिक परंपराओं और लोकजीवन के रंगों को मिलजुलकर जीते लोगों में देखा जा सकता है। होली के मौके पर ढोलक-झांझ-मंजीरों की धुन के साथ नृत्य-संगीत की भी खूब रंगत होती है। हर अंचल के लोकगीतों की धुन में मानवीय भाव भी एक हो जाते हैं। बसंत ऋतु में हर ओर छाई सतरंगी छटा के बीच मन जीवन का रंगरेज सा यह पर्व हर मायने में जिंदगी में सकारात्मकता और प्रसन्नता भरने का त्योहार है।

## खुशियों की लाली

रिश्ते-नाते जिन्दगी में साथ और स्नेह का रंग भरते हैं। ऐसे में होली पर बिखरने वाले इंद्रधनुषीय रंगों से खुशियों और अहसासों की लाली और गहरी हो जाती है। इस सतरंगी आभा से घर-आंगन एक रंगीन उमंग और उल्लास से भर उठता है। हर ओर आनंद छा जाता है। होली में मस्ती और हास्य-ठिठोली का भी खूब माहौल बनता है। बीती बातें भुलाकर तल्खियों की जगह प्यार और दुलार को दे दी जाती है। रंगों में रचा-बसा यह उत्सव टूटे-बिखरे संबंधों को भी फिर जोड़ देता है। परिचितों-अपरिचितों में भावनाओं के रंग छलक पड़ते हैं। रंगों का यह पर्व पीढ़ियों के अंतर को भी पाट देता है। अपनों के साथ ही नहीं, होली अपने परिवेश में बसने वालों से भी जोड़ती है। एक ओर पकवानों की खुशबू तो दूसरी ओर अपनेपन के रंग, जीवन में मुस्कुराहटों का रंग भर देते हैं। हवाओं में घुले गुलाल की लाली सामुदायिक जुड़ाव और मेलजोल का माहौल बनाती है। पारम्परिक खानपान की खुशबू भी इस पर्व पर खूब बिखरती है। आज भी होली के पर्व पर बाजार से लाने के बजाय घर में ही कहीं गुजिया तो कहीं पूरनपोली बनाने का रिवाज कायम है। कहीं ठंडाई घुटती है तो कहीं मालपुए बनते हैं। काफी समय पहले से ही घरों में तैयारियां शुरू हो जाती हैं। परंपरागत खानपान, प्रेम के बिखरते निश्छल रंग और हंसी- ठिठोली-ठहाके इस पर्व को सचमुच जीवंत बना देते हैं।

# आपका राशिफल 06 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-2-5-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है, अत:वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-1-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। स्थान परिर्वतन की संभावना हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। शुभांक-2-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-2-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। शुभांक-3-6-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा व हर्ष पूर्ण माहौल बनेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। धार्मिक यात्रा शुभ है। शुभांक-3-5-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-3-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-8

## फिल्म वर्ग पहेली - 6096



**बायें से दायें:-**

१. अभिषेक, करीना की 'जिसे तू ना मिला उसे कुछ' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कितनी खुबसूरत ये' गीत वाली अमिताभ, विनोद, राखी की फिल्म-४
६. 'दिल विल प्यार व्यार' में आर. माधवन के साथ नायिका-३
७. सनी, प्रीति जिंटा की 'देखें भी तो क्या देखें' गीत वाली फिल्म-२
८. 'कैसी है दिल की लगी' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
१०. फिल्म 'ताजमहल' में प्रदीपकुमार की नायिका कौन थी?-२
१२. 'दिल में जागी धड़कन' गीतवाली लक्कीअली, गौरी की फिल्म-२
१४. 'माया मेमसाब' में शाहरूख के साथ नायिका कौन थी-२
१५. अजय देवगन, रवीना की 'एक से लेकर दस तक' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'लिखे जो खत तुझे' गीत वाली शशिकपूर, आशापारेख की फिल्म-४
२१. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज मदहोश हुआ जाए रे' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
२५. मनोज वाजपेयी, तब्बू की 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली फिल्म-२
२६. फिल्म 'इंडियन' में शिल्पा शेट्टी के साथ नायक कौन था?-२
२७. फिल्म 'बँबई से आया मेरा दोस्त' की नायिका कौन थी?-२
२९. 'आज फिर तुम पे प्यार आया है' गीत वाली फिल्म-४
३१. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
३३. नसीर, अतुल, पूजाभट्ट की 'आज हमने दिल का' गीत वाली फिल्म-२
३४. 'गम का फसाना बन' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'शरारत' में अभिषेक की नायिका?-३
२. 'अजनबी' में राजेश की नायिका?-३
३. अरशद, मयूरी कांगो की 'गुनगुनाती हुई इक नदी' गीत वाली फिल्म-३
४. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की फिल्म-२
५. सनी, सुनील, शिल्पा की 'शाम भी खूब है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
९. संजय कपूर, जूही चावला की 'प्यार में दिल का' गीत वाली फिल्म-३
११. 'दूल्हा-दुल्हन की जोड़ी' गीत वाली अमिताभ, हेमा की फिल्म-३
१३. 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१५. 'तू ही तू सतरंगी' गीतवाली फिल्म-२,१
१६. राज कुमार, हेमा, शत्रुघ्न, विजयेंद्र, मिथुन की १९८४ की एक फिल्म-३
१८. चंद्रचूड़सिंह, महिमा की फिल्म-२
१९. मिलिंद, विक्रम सलूजा, किरण की 'चंदा की चांदनी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'जैसे इक चाँद का टुकड़ा' गीत वाली सनी, अनिल, किमी की फिल्म-४
२२. 'बॉक्सर भाई' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'चंपई धूप के साये' गीतवाली फिल्म-२
२६. 'आँखों में नींदें ना दिल में करार' गीत वाली फिल्म-३
२८. संजय कपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'ये कैसा है शहर' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'कसूर' में आफताब शिवदासानी के साथ नायिका कौन थी-२

**फिल्म वर्ग पहेली - 6095**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6610

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6609 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

# क्या Typhoid में बकरी का दूध पीना चाहिए या नहीं?

**बीमारी कोई भी स्वास्थ्य के लिए अच्छी नहीं होती। खासकर बुखार के कारण शरीर कमजोर होने लगता है। बुखार कई तरह का होता है जिसमें से टाइफाइड बुखार भी है। यह बुखार साल्मोनेला टाइफी जीवाणु के संपर्क में आने से होता है। इस बुखार के कारण मरीज को तेज बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, दस्त और कब्ज जैसी परेशानियां होने लगती हैं। इसके अलावा टाइफाइड के इंफेक्शन से बचने के लिए बहुत से लोग बकरी के दूध का सेवन करते हैं लेकिन क्या इस दौरान बकरी का दूध पीना फायदेमंद है आज आपको इसके बारे में बताएंगे। तो चलिए जानते हैं....**

## क्या टाइफाइड रोगियों को पीना चाहिए बकरी का दूध?



एक्सपर्ट्स की मानें तो बकरी के दूध में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं परंतु गलत तरीके से इसका सेवन करने से कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। टाइफाइड के मरीज जल्दी रिकवर होने के लिए बकरी का दूध पी लेते हैं। परंतु एक्सपर्ट्स की मानें तो टाइफाइड में सिर्फ बकरी का दूध पीने से ही आप टाइफाइड का बुखार कम नहीं कर सकते। बकरी का दूध शरीर को पोषण जरूर देता है परंतु इसका सेवन करने से टाइफाइड का बुखार कम नहीं होता।

## बकरी के दूध में पाए जाने वाले पोषक तत्व

बकरी के दूध में कार्ब्स, प्रोटीन, शुगर, सोडियम, कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम, विटामिन-ए, विटामिन-बी, विटामिन-सी काफी अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं इसका सेवन शरीर के लिए फायदेमंद होता है किंतु एक्सपर्ट्स के अनुसार, ऐसी कोई रिसर्च सामने नहीं आई है जिसके आधार पर यह माना जा सके कि टाइफाइड रोगियों के लिए बकरी का दूध फायदेमंद होता है। यदि आप फिर भी टाइफाइड की समस्या में बकरी का दूध पीते हैं तो एक बार एक्सपर्ट्स की सलाह जरुर लें। बकरी का दूध बहुत ज्यादा मात्रा में पीने स्वास्थ्य को नुकसान हो सकते हैं।

## ज्यादा मात्रा में बकरी का दूध पीने से होंगे नुकसान

किसी भी बीमारी में बकरी का दूध पीने से पहले आप एक बार डॉक्टर की सलाह जरुर ले लें। ज्यादा मात्रा में इसका सेवन करने से रोगियों को नुकसान भी हो सकते हैं। टाइफाइड में बकरी का दूध पीना फायदेमंद है परंतु डॉक्टर से पूछे बिना इसका सेवन न करें।




**विचार प्रवाह**

तुम्हें पता है किजिस घर में नारी की पूजा होती है वहां देवता वास करते हैं। नारी लक्ष्मी है गृह लक्ष्मी। तिजोरी में रखी लक्ष्मी तो कभी भी धोखा दे सकती है, पर गृह लक्ष्मी तो वह लक्ष्मी है जो मरते दम तक साथ निभाती है। दो महिलाओं का सदैव सम्मान करना सीखो। एक वह जिसने तुम्हें जन्म दिया है और दूसरी वह जिसने तुम्हारे लिए जन्म लिया है।

**-मुनिश्री तरुण सागर**

## शब्द पहेली - 7648



**बाएँ से दाएँ**

1. तरंग, हिलोर-3
3. झगड़ा, द्वेष, कहासुनी-3
5. पार्थिव देह-2
6. जरा, थोड़ा-2
8. रहस्य जानने वाला-4
10. दरवेश, औलिया, पीर-3
12. बहुतांश-3
13. राजनीतिक पार्टी-2
14. हिरासत-2
15. साजन, प्रेमी-3
17. देवर्षि-3
19. भगवान, रब, करतार -4
21. श्रवणेंद्रिय-2
23. प्राण, जीवन तत्व-2
24. द्रव पदार्थ-3
25. डोली उठाने वाले-4

**ऊपर से नीचे**

1. भगवान राम का एक पुत्र-2
2. दया, करुणा-3
3. शर्ट, बुशर्ट-3
4. अधिकार-2
5. भद्र, कुलीन-3
7. बड़ा भवन, कोठी-3
8. हमेशा, हर पल-4
9. यात्री, पथिक, राहगीर-2
12. कुख्यात-2,2
15. तमीज, तहजीब-3
16. रात्रि, रजनी-2
18. शोषण करना, दबाना-3
19. आसान, सीधा-3
20. नाव चलाने वाला-3
22. झुका हुआ-2
23. मर्तबान, रस का राजा-2

**शब्द पहेली -7647 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# शिवराज सिंह 18 वर्षों का हिसाब दें, 215 महीनों से प्रदेश में उनकी सरकार है : कमलनाथ

## जब मैं केंद्रीय वाणिज्य मंत्री था तब पीथमपुर को औद्योगिक क्षेत्र का दर्जा दिया गया



**भोपाल (ईएमएस)।** धार जिले के पीथमपुर नगरपालिका के चुनावों में कांग्रेस को मिली प्रचंड जीत के पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ ने पत्रकारों से चर्चा की, इस दौरान उन्होंने कई बिंदुओं पर विस्तार से अपनी बात रखते हुए कहा कि...जब मैं केंद्रीय वाणिज्य मंत्री था तब पीथमपुर को औद्योगिक क्षेत्र का दर्जा दिया गया। आज जिस तरह औद्योगिकीकरण होना था, आर्थिक गतिविधि होना थी, उस तरह नहीं हो पाई है। सारी स्थितियां चौपट हैं। 6 इंवेस्टर्स समिट हुई, उनके आंकड़े यह हैं कि 760 प्रपोजल आए और जमीन पर केवल इसका 5 प्रतिशत ही उतर पाए। 30 लाख करोड़ की निवेश घोषणाएं हुई, पर हुआ क्या? इस तरह की नाटक-नौटंकी से निवेश नहीं आता। अपना प्रदेश 5 प्रदेशों से घिरा हुआ है, जिसको तमिलनाडु और केरल में अपना सामान बेचना है वह पंजाब और हरियाणा में अपना उद्योग क्यों लगाएगा? उसके लिए यह सुविधा है, यह इकॉनॉमिकल है कि वह मध्यप्रदेश में उद्योग लगाए पर उसको मध्यप्रदेश पर विश्वास होना चाहिए। निवेश विश्वास से आता है, प्रदेश के चेहरे से आता है। निवेश और रोजगार की झूठी घोषणाओं के बावजूद आंकड़ा यह है कि पिछले साल प्रदेश में 90 लाख युवा बेरोजगार थे और इस साल एक करोड़ नौजवान बेरोजगार हैं। सबसे बड़ी चुनौती हमारे नौजवानों का भविष्य है। बेरोजगार नौजवान आज तड़प रहा है कि उसे व्यवसाय का मौका मिले, उसके हाथों को काम मिले पर वर्तमान सरकार के पास इसकी कोई सोच नहीं है। यह विजन से होता है, टेलीविजन से नहीं! छह-सात महीने बचे हैं, भाजपा के पास केवल पुलिस, पैसा और प्रशासन है। ये खरीद-फरोख्त के लिए प्रशासनिक दबाव डालते हैं। मैं जानता हूं कि जनपद और पंचायतों के चुनाव में कितना प्रशासनिक दबाव था। आज प्रदेश का हर वर्ग परेशान है लेकिन ये हमारे 15 महीनों के कार्यकाल का जवाब मांगते हैं! 15 महीनों में से ढाई महीने लोकसभा चुनाव की आचार संहिता में चले गए। शिवराज सिंह को शर्म नहीं आती मुझसे 15 महीनों का हिसाब मांगते हुए, वो अपने 18 वर्षों का हिसाब दें, 215 महीनों से भाजपा का शासन है और मुझसे साढ़े बारह महीनों का हिसाब मांगते हैं! जनता मेरी गवाह है, जनता हिसाब देगी! जो हुआ जनता के सामने हुआ। घोषणाओं से नहीं हुआ। गौशालाएं बनीं, मध्यप्रदेश के इतिहास में इतनी गौशालाएं कभी नहीं बनीं। हमने कर्जा माफी की, जिसको इन्होंने विधानसभा में स्वीकार किया कि 27 लाख किसानों का कर्जा माफ हुआ है। ये रोज झूठ बोलते हैं, कहते हैं कि मैंने संबल योजना बंद कर दी पर मैंने इसे कभी बंद नहीं किया था, नया सवेरा नाम से यह योजना चलती रही।

# मप्र भाजपा में अब बड़े नेताओं के लिए वैकेंसी नहीं

## CM हाउस में साढ़े तीन घंटे चली कोर ग्रुप की बैठक, सिंधिया पहुंचे RSS दफ्तर

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश में बीजेपी संगठन ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी है। पार्टी ने कोर कमेटी की बैठक में तय किया है कि दूसरे दलों के बड़े नेताओं, सांसद, पूर्व सांसद, पूर्व विधायकों और वर्तमान विधायकों को शामिल नहीं किया जाएगा। इनकी बजाय पार्टी का फोकस अब स्थानीय स्तर पर जनाधार वाले नेताओं पर होगा। ये नेता पंच, सरपंच, पार्षद, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य स्तर के होंगे। पार्टी में बड़े समाजसेवी, डॉक्टर, वकीलों, बड़े व्यापारिक संगठनों के प्रभावशाली लोगों को शामिल किए जाने के बारे में भी विचार किया गया। कोर कमेटी की बैठक में ये भी तय हुआ कि पार्टी के लिए चुनौती बने ग्वालियर - चंबल इलाके में वरिष्ठ नेता साथ दौरा करेंगे। भाजपा की उन सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के बारे में चर्चा हुई, जहां स्थिति कमजोर है और कांग्रेस लगातार जीतती रही है। प्रदेश में 103 विधानसभाओं के 18000 बूथ हैं जिन पर भाजपा विधानसभा चुनाव में हारती रही है। बैठक में मंत्रियों के जिलों के प्रभार बदलने पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही सरकार के द्वारा निकाली गई विकास यात्राओं की समीक्षा की गई।



बैठक मुख्यमंत्री निवास करीब साढ़े तीन घंटे चली। बैठक शाम 6 बजे शुरू हुई थी। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा समेत अन्य नेता सीएम हाउस से निकल गए। नेताओं ने मीडिया से चर्चा नहीं की। कैलाश विजयवर्गीय ने सिर्फ इतना कहा कि रुटीन मीटिंग थी। भोपाल में बीजेपी कोर ग्रुप की मीटिंग में हिस्सा लेने आए केंद्रीय मंत्री सिंधिया पहले दफ्तर च्समिधाज पहुंचे। यहां वे करीब 25 मिनट रुके। इसके कई राजनीतिक कयास लगाए जा रहे हैं।

# पावर जनरेटिंग कंपनी की तीन इकाइयों ने 100 प्रतिशत से ज्यादा

## पीएलएफ अर्जित करने का बनाया रिकार्ड



**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की इकाई और सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 250-250 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयों ने फरवरी 2023 में शत-प्रतिशत प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) एवं प्लांट अवेलेबिलिटी फेक्टर (पीएएफ) अर्जित कर नया कीर्तिमान बनाया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे एवं मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई और सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी द्वारा बनाए गए कीर्तिमान के लिए बधाई दी है। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की इकाई ने फरवरी 2023 में 142 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। माह फरवरी 2023 में इकाई का पीएलएफ 100.7 प्रतिशत एवं पीएएफ 101 प्रतिशत रहा। पिछले तीन वर्ष में यह इकाई की अभी तक का माहवार में सर्वाधिक पीएलएफ रहा है। इस इकाई की फरवरी 2023 में ऑक्जलरी खपत 8.85 प्रतिशत और विशिष्ट तेल खपत शून्य रही। यह इकाई 9 सितंबर 2009 को क्रि?याशील हुई थी। पावर जनरेटिंग कंपनी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के विद्युत गृह क्रमांक चार की 250-250 मेगावाट क्षमता की इकाई क्रमांक 10 एवं 11 ने माह फरवरी 2023 में कुल 338.3 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। इन दोनों इकाईयों का पीएलएफ 100.7 एवं पीएएफ 101.6 प्रतिशत रहा। विद्युत गृह क्रमांक चार की इन इकाइयों के स्थापना वर्ष से अभी तक माह फरवरी 23 में सर्वाधिक बिजली उत्पादन हुआ है। इकाई क्रमांक 10 का पीएलएफ 100.64 व इकाई क्रमांक 11 का पीएलएफ 100.72 प्रतिशत रहा। इकाइयों की 7.55 प्रतिशत ऑक्जलरी खपत अभी तक निम्नतम है। इकाई क्रमांक 10, 18 अगस्त 2013 को एवं इकाई क्रमांक 11, 16 मार्च 2014 को क्रियाशील हुई थी।

# 12वीं एग्जाम से पहले सामने आया अंग्रेजी का पेपर!

## 75 प्रश्न ओरिजिनल पेपर में मिले शिक्षा मंडल ने बताया अफवाह

■ भोपाल, यशभारत।

माध्यमिक शिक्षा मंडल के 12वीं का अंग्रेजी का पेपर लीक होने की खबर आई। पेपर शनिवार सुबह करीब 7.24 बजे सोशल मीडिया पर आ गया, जबकि पेपर 9 बजे शुरू होना था। पेपर सामने आने पर ह?कंप मच गया। इसमें आए 75त्न प्रश्न ओरिजिनल पेपर से हूबहू मिले हैं। मंडल की हेल्पलाइन पर स्टूडेंट्स के कॉल आना शुरू हो गए। हालांकि मंडल ने इसे अफवाह बताया है। शनिवार को 12वीं का अंग्रेजी का पेपर था। पेपर सुबह 9 बजे शुरू होना था। सुबह 7.24 बजे एक पेपर की पीडीएफ टेलीग्राम पर वायरल हुई। दावा किया गया कि यह वही पेपर है, जो माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षार्थियों को देने वाला है। इसके बाद हंगामा मच गया। इससे पहले, 1 मार्च को भी हिंदी का पेपर लीक होने की खबर सामने आई थी। हालांकि बाद में पेपर मिलाया, तो इसमें 75त्न प्रश्न वही थे, जो ओरिजिनल पेपर में आए थे। बता दें कि प्रदेश भर में 3,852 परीक्षा केंद्र पर बारहवीं की परीक्षा में 9 लाख 65 हजार छात्र परीक्षा में शामिल हुए। मामले का पता चलते ही माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की हेल्प लाइन पर सुबह से ही परीक्षार्थियों और उनके पेरेंट्स के कॉल आना शुरू हो गए। शनिवार शाम तक करीब 60 से अधिक कॉल हेल्प लाइन पर पहुंचे।

# राहुल गांधी के दिमाग और उनकी पार्टी के DNA में है पेगासस

## सीएम शिवराज ने बताया क्या है कांग्रेस का नया एजेंडा

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इजराइली स्पाईवेयर पेगासस को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला है। सीएम शिवराज ने कहा कि पेगासस फोन में नहीं है, बल्कि यह राहुल गांधी के दिमाग में है। सीएम ने पेगासस कांग्रेस के डीएनए में प्रवेश कर गया है। मुझे उनकी (राहुल गांधी) बुद्धि पर दया आती है। वह विदेशों में जाते हैं। हमारे देश के खिलाफ बयान देते हैं। विदेशी दूतावासों में जाकर भारत विरोधी बातें करते हैं। विदेशों में भारत को बदनाम करना कांग्रेस का नया एजेंडा है। वहीं, कमलनाथ के लाड़ली बहना योजना पर सवाल उठाने पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने हमला बोला है।सीएम शिवराज ने कहा- पेगासिस फोन में नहीं कांग्रेस के डीएनए और राहुल गांधी जी के दिमाग में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की कीर्ति और प्रतिष्ठा चारों तरफ बढ़ रही है। कांग्रेस का नया एजेंडा विदेशों में भारत को बदनाम करने का है। इस देश विरोधी कदम के लिए जनता माफ नहीं करेगी।



### कांग्रेस को नहीं माफ करेगी जनता

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विदेशी धरती पर देश की आलोचना करना देश विरोधी कदम है। कांग्रेस और राहुल गांधी को देश और देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। कांग्रेस देश से साफ होती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी लोगों के दिल में बसे हैं। पूरी दुनिया के राष्ट्र प्रमुख कहते हैं, च्मोदी जैसा कोई नहींज्। नरेन्द्र मोदी देश को भगवान का वरदान है। राहुल गांधी देश में कुछ नहीं कर पा रहे हैं तो विदेश में जाकर भारत का अपमान कर रहे हैं।शिवराज सिंह चौहान ने कमलनाथ पर हमला करते हुए कहा कि 2018 में सत्ता में आते ही बैगा,भारिया व सहरिया जनजाति की बहनों के 1000 रुपए बंद करने वाले कमलनाथ जी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना पर सवाल उठा रहे हैं। हमने वर्ष 2017 में बच्चों के पोषण के लिए अत्यंत पिछड़ी जनजाति की बहनों के खाते में 1000 रुपए डालना प्रारंभ किये थे, दरअसल हाल की में राहुल गांधी ने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के एक प्रोग्राम को संबोधित किया था। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि उनके फोन में पेगासस था।

## न्यूज ब्रीफ

### केंद्र सरकार के जैम पोर्टल से मेडिसिन किट खरीदेगी प्रदेश सरकार

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश के 97 हजार 135 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए शिवराज सरकार जल्द ही मेडिसिन किट खरीदेगी। इस मेडिसिन किट में पेट दर्द, बुखार और चोट लगने में उपयोग होने वाली दवाएं, पट्टी रहेंगी। प्रदेश के 84 हजार 465 आंगनबाड़ी केंद्र के लिए यह किट 1500 रुपये और 12 हजार 670 मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 750 रुपये में खरीदी जाएगी। इसके लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति बनेगी, जो तय मापदंडों के आधार पर केंद्र सरकार के जैम पोर्टल से किट खरीदेगी। यह खरीद सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण-2 अभियान के अंतर्गत होगी। प्रदेश में 84 हजार 465 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनके लिए 12 करोड़ 66 लाख 97 हजार 500 रुपये में किट खरीदी जाएगी। वहीं 12 हजार 670 मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए खरीदी जाने वाली किट पर 95 लाख 2500 रुपये खर्च करने की तैयारी हैं। किट पर सरकार 13 करोड़ 62 लाख रुपये खर्च करेगी। दरअसल मोदी सरकार ने अगस्त 2022 में सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण-2 की गाइड लाइन जारी की है, जिसमें मेडिसिन खरीदने के निर्देश हैं।

### 6 को होलिका दहन, 7 को मनेगी धुलेंडी, पुजारी महासंघ ने बैठक में लिया निर्णय

**खरगोन (ईएमएस)।** होलिका दहन और धुलेंडी तिथि पर पंचांग भेद को लेकर पुजारी महासंघ की बैठक आहुत की गई। संघ के अध्यक्ष राहुल कानूनगो ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से धर्म सिंधु, निर्णय सिंधु एवं समस्त पंचांगो का अध्ययन कर खरगोन, खंडवा, बड़वानी, महेश्वर, मंडलेश्वर, सनावद, बड़वाह, ओमकारेश्वर आदि स्थानों के विद्वानों से संपर्क कर होलिका दहन 6 मार्च सोमवार को एवं धुलंडी पर्व 07 मार्च मंगलवार को मनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में पं. हरिनारायण शास्त्री, पं राजेंद्र परसाई, पं. भूपेंद्र परसाई, पं आनंद मलतारे, पं गोरेलाल सोहनी, पं महेंद्र भटोरे, पं अभिजीत जोशी, पं गोपाल जोशी एवं विद्वत परिषद और महेश्वर से आचार्य दिलीप सोहनी ने बताया कि चांद्रायण व्रत की पूर्णिमा 6 मार्च को एवं सत्यनारायण व्रत की पूर्णिमा 7 मार्च को मनाई जावेगी। होलिका दहन प्रदोष काल में ही होता है, इसलिए जिस दिन पूर्णिमा तिथि शुरू हो रही है, उसी दिन होली मंगल होगी। उल्लेखनीय है कि पूर्णिमा तिथि दूसरे दिन भी होने के कारण कैलेंडरों में होली 7 मार्च को बताई गई है। यही वजह है कि होलिका दहन और धुलंडी को लेकर असमंजस की स्थिति बन रही है।

# आदमपुर छावनी स्थित एनीमल कारकेस में हॉपर एवं कन्वेयर शीघ्र स्थापित करें : निगम आयुक्त चौधरी

**भोपाल, यशभारत।** नगर निगम आयुक्त के.वी.एस. चौधरी ने आदमपुर छावनी स्थित एनीमल कारकेस प्लांट का निरीक्षण किया और कंपनी के प्रतिनिधियों एवं निगम अधिकारियों से प्लांट की कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की। निगम आयुक्त चौधरी ने एनीमल कारकेस प्लांट में शीघ्र ही हॉपर एवं कन्वेयर स्थापित करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने प्लांट का संचालन प्रायोगिक तौर पर सीएनजी गैस द्वारा करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट स्थल, एनीमल बर्थ कंट्रोल सेंटर, आरडीएफ श्रेडो मशीन एवं वृक्षारोपण स्थल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्तद्वय एम.पी.सिंह, विनीत तिवारी, अधीक्षण यंत्री आर.के.सक्सेना सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। नगर निगम आयुक्त के.वी.एस. चौधरी शुक्रवार को आदमपुर छावनी स्थित एनीमल कारकेस प्लांट का निरीक्षण किया और निगम अधिकारियों तथा कंपनी के प्रतिनिधियों से प्लांट संचालन के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की। निगम आयुक्त चौधरी ने एनीमल कारकेस प्लांट में शीघ्र ही हॉपर एवं कन्वेयर स्थापित करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने प्लांट का संचालन सीएनजी गैस द्वारा प्रायोगिक तौर पर करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट स्थल पर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए एवं इससे लगी खुली भूमि को वृक्षारोपण हेतु तैयार करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने निर्माणाधीन एनीमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के कार्यों की गति बढ़ाकर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने आरडीएफ निष्पादन हेतु स्थापित श्रेडो मशीन के कार्यों का जायजा लिया एवं कार्य की गति बढ़ाकर निरंतर कार्य जारी रखने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने एडमिन ब्लाक के पीछे निर्माणाधीन कार्टनवाल एवं नाली निर्माण कार्य का जायजा लिया और इससे लगी भूमि से पालीथीन अपशिष्ट को हटाकर अन्य स्थान पर डंप करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने वृहद एवं सघन वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत तैयार वृक्षारोपण स्थल का भी निरीक्षण किया और वहां रोपित पौधों की पर्याप्त देखभाल एवं सिंचाई करने के निर्देश दिए।



## परीक्षा के ऐन पहले बदला सिलेबस, फूट-फूटकर रोए बच्चे

# 5वीं-8वीं के स्टूडेंट्स ने की मंत्री से शिकायत बोले- टीका, माला पहनने पर भी रोक

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश के राजगढ़ के खिलचीपुर में 5वीं और 8वीं के बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने का मामला सामने आया है। यहां के मदर टेरेसा स्कूल प्रबंधन पर आरोप है कि परीक्षा से 20 दिन पहले ही पूरा सिलेबस ही बदल दिया। इस पर गुस्साए छात्र-छात्राओं ने परिजनों के साथ शनिवार को स्कूल में हंगामा कर दिया। उन्होंने प्रिंसिपल को खरी-खोटी सुनाई और धरना दिया। कई बच्चे तो फूट-फूट कर रोने लगे। हंगामे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस मामले में नगरीय प्रशासन मंत्री ओपीएस भदौरिया ने भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।दरअसल प्रदर्शन कर रहे बच्चों को जब पता चला कि नगरीय प्रशासन मंत्री ओपीएस भदौरिया खिलचीपुर में हैं, तो वे अपने परिजनों के साथ रेस्ट हाउस में उनसे (मंत्री से) शिकायत करने जा पहुंचे। जहां पर मंत्री ने बच्चों की शिकायत सुनी और स्कूल के खिलाफ जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया। बच्चों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन ने कमीशन के लालच में अपना अलग कोर्स पढ़ाया और परीक्षा से 20 दिन पहले अलग कोर्स से तैयारी करने को कहा।दरअसल सितंबर 2022 में मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा मध्यप्रदेश के समस्त शासकीय, अशासकीय व अनुदान प्राप्त स्कूलों को एक आदेश जारी कर निर्देशित किया गया था कि इस बार कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा स्ष्टश्वक्रञ्ज द्वारा तय पाठ्यक्रम के आधार पर बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की जाए।आरोप है कि खिलचीपुर के मदर टेरेसा स्कूल ने राज्य शिक्षा केंद्र के इस आदेश को नहीं माना और कमीशन के लालच में अपने स्कूल के पांचवी और आठवीं के विद्यार्थियों को अलग कोर्स पढ़ाया। अब जब दोनों कक्षाओं की परीक्षा में सिर्फ 20 दिन बचे हैं, ऐसे में स्कूल ने अचानक बच्चों का कोर्स बदलते हुए उन्हें सरकार के बताए कोर्स से एग्जाम की तैयारी करने को कहा। ऐसे में बच्चे इस बात को लेकर परेशान हैं कि 20 दिन में वह नए कोर्स को कैसे पूरा करें ।



# भोपाल में बिजली लाइनों को अंडरग्राउंड करने की तैयारी में बिजली विभाग

## रोजाना करीब 15 लाख यूनिट तक बिजली बचेगी

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी भोपाल में बिजली को घरों तक पहुंचाने के लिए बिजली विभाग बड़ी तैयारी में जुटा हुआ हैं। इसके लिए लाइनों को भोपाल में 750 किमी तक अंडरग्राउंड करने की योजना पर काम चल रहा है। बिजली विभाग का मानना हैं कि इससे रोजाना करीब 15 लाख यूनिट तक बिजली बचेगी। खुले तारों से होने वाले ट्रांसमिशन लॉस भी घटेगा, वहीं बिजली चोरी भी रुकेगी। इतना ही नहीं, रोजाना इससे डेढ़ करोड़ रुपए की बचत होगी। दरअसल ऊर्जा मामले में भोपाल को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कम हो रहा है। मोदी सरकार की मदद से भोपाल में अंडरग्राउंड लाइन का प्रोजेक्ट शुरू होने वाला है। इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। बिजली विभाग के अधिकारी ने कहा कि इतना ही नहीं उपभोक्ता अपनी छत पर सोलर पैनल लगाकर भी बिजली उत्पादन करके अपना बिजली बिल कम कर सकते हैं। भोपाल शहर में अब तक 20 हजार छतों पर सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं, इससे रोजाना करीब 1.60 लाख यूनिट की बिजली का उत्पादन हो रहा है। मांग की तुलना में ये काफी कम है, लेकिन ऊर्जा विशेषज्ञ इस एक अच्छी शुरुआत मान रहे हैं। लेकिन, 2024 तक सरकारी भवनों की ऊर्जा खपत का कुल 20 फीसदी यानि करीब दो लाख यूनिट बिजली इन्हीं भवनों पर लगे सोलर पैनल से बनेगी। 2027 तक इस क्षमता को पांच लाख यूनिट रोजाना तक पहुंचाना होगा।

भोपाल शहर में बिजली की मांग रोजाना 70 लाख यूनिट के करीब है। वहीं दिवाली व अन्य त्यौहारों के समय इसमें 10 से पंद्रह लाख यूनिट की बढ़ोतरी होती,बाकी मांग हमेशा बनी रहती है। बिजली कंपनी ऊर्जा विकास निगम के साथ मिलकर शहर के पांच लाख घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने की कोशिश कर रहा है। कंपनी को उम्मीद है कि घरों की छतों से अगले दो साल में शहर की जरूरत का कम से कम 40 फीसदी बिजली मिलने लगेगी। ऐसा होने पर शहर के लिए ऊर्जा मामले में बड़ी सफलता होगी।



### होली से पूर्व परंपरागत रूप से मां गौरा ससुराल से मायके पहुंचीं

**भोपाल, यशभारत।** होली पर्व के पहले परंपरागत से रूप मां गौरा अपनी ससुराल श्री बड़वाले महादेव मंदिर से मायके सोमवारा भवानी मंदिर पहुंचीं। मां गौरा मायके में होली मनाएंगी। मां गौरा को गाजे-बाजे के साथ विदाई दी गई। विदाई के दौरान भक्तों ने मां गौरा पर फूलों की वर्षा की। रंग व गुलाल उड़ाया। माता पार्वती की प्रतिमा को श्रद्धालुओं ने कंधे पर उठाया और रथ पर विराजमान किया। भवानी मंदिर के अध्यक्ष रमेश सैनी की अगवाई में विदाई चल समारोह पुराने शहर के जुमेराती, लोहा बाजार, लखेरापूरा होते हुए भवानी मंदिर पहुंचा। चल समारोह मार्ग में कई जगह मां गौरा का स्वागत सत्कार किया गया।पुराने शहर के कायस्थपुरा श्री बड़वाले महादेव मंदिर में शिव प्रदोष उत्सव पर भक्तों ने बाबा श्री बटेश्वर को रंग और गुलाल लगाया। गर्भ गृह को विभिन्न प्रकार के फूलों से सजाया गया।

# रंग में न पड़े भंग, पुलिस अफसर रहे सक्रिय

## अति. पुलिस महानिदेशक उमेश जोगा ने समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

**जबलपुर, यशभारत।** अति.पुलिस महानिदेशक उमेश जोगा द्वारा आगामी त्यौहारों के परिपेक्ष्य में जोन के पुलिस अधीक्षकों की बैठक ली, सर्तकता बरतने एवं असामाजिक तत्वो के खिलाफ कठोर कार्यवाही के दिये निर्देश, वर्ष 2022 एवं 2023 में घटित अपराधों की समीक्षा, भू/रेत/शराब/ड्रग माफिया पर कठोर कार्यवाही के निर्देश, फरार अपराधियों, वारंटियों को गिरफतार करने, अवैध नशीले पदार्थो पर कार्यावाही एवं यातायात दुर्घटना मे कमी लाने के निर्देश, नशे के खिलाफ/सायबर क्राईम/यातायात दुर्घटना रोकने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश अति. पुलिस महानिदेशक, जबलपुर जोन जबलपुर उमेश जोगा के द्वारा जोनल कार्यालय जबलपुर में जोन के पुलिस अधीक्षकों की अपराध समीक्षा एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा हेतु बैठक ली गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक/उप पुलिस महानिरीक्षक कटनी सुनील कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा, प्रभारी पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा विनायक वर्मा, प्रभारी पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर अभिजीत कुमार रंजन, पुलिस अधीक्षक सिवनी रामजी श्रीवास्तव उपस्थित रहे। अति. पुलिस महानिदेशक उमेश जोगा के द्वारा कानून व्यवस्था स्थिति की समीक्षा कर निर्देशित किया कि अगामी त्यौहारों के परिप्रेक्ष्य में सर्तकता बरती जावे, सोशल मीडिया पर पैनी निगाह रखी जावे, साम्प्रदायिक सदभाव बिगाड़ने वाले अथवा धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले लोगो, असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जावे, होलिका दहन, धूलेडी, रंग पंचमी, शब ए बारात, ईद, हनुमान जयंती आदि त्यौहारों पर निकलने वाले जुलूस एवं आयोजित कार्यक्रमों के दौरान पर्याप्त पुलिस बल लगाने के निर्देश दिये गये। आगामी त्यौहारों के दौरान बाजारों/मार्केट मे पुलिस व्यवस्था लगाई जाकर पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया।



### साल 2022 में 7.3 प्रतिशत अपराधों में कमी आई

अपराधों की समीक्षा पर जबलपुर जोन में वर्ष 2022 में कुल अपराधों में गत वर्ष 2021 की अपेक्षा 7.3 प्रतिशत की कमी होना पाया गया। हत्या, प्रयास हत्या, लूट, साधारण चोरी, इत्यादि अपराधों में कमी होना पाया गया। वर्ष 2022 में घटित हत्या के अपराधों मे 93.6 प्रतिशत अपराधों में अपराधियों को तथा लूट के 84 प्रतिशत अपराधों मे लुटेरों को गिरफतार किया गया। जोन मे संपत्ति संबंधी अपराधों मे 56 प्रतिशत से अधिक की संपत्ति की बरामद की गई। वर्ष 2023 के पहले दो माह में जोन में घटित हत्या के 24 अपराधों मे से 22 अपराध मे आरोपियों को गिरफतार किया गया है। हत्या, हत्या का प्रयास, बलात्कार के लंबित अपराधों में अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करने एवं उनमें गुणवत्ता पूर्ण विवेचना कर आरोपी को सजा दिलाने हेतु निर्देश दिये गये।

### सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों को नजर अंदाज न करें

सी.एम. हेल्पलाईन मे दर्ज एवं अन्य शिकायतो की समीक्षा कर शिकायतकर्ता से चर्चा करने, इनके शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये गये। थाने मे आने वाले पीडित व्यक्ति, शिकायतकर्ता एवं आम जनता से संवेदनशील व्यवहार कर उनकी रिपोर्ट सहानुभूतिपूर्वक सुनने, उनकी सूचना पर तत्परता से कार्यवाही कर उन्हे सुरक्षा का एहसास कराने हेतु निर्देशित किया गया।

### यातायात मामलों के हुई समीक्षा

यातायात दुर्घटनाओं की समीक्षा कर इनमें कमी लाये जाने हेतु जिले में घटित यातायात दुर्घटनाओं का विश्लेषण, वर्गीकरण कर, यातायात दुर्घटनाए किन स्थानों पर एवं किस समय मे अधिक हो रही है ऐसे स्थानों को चिन्हित कर घटना के कारणों को ज्ञात कर उनका निराकरण, संबंधित विभाग/एजेंसी से समन्वय कर कराये जाने के निर्देश दिये गये। यातायात दुर्घटना रोकने हेतु जिलों मे जन जागरूकता अभियान चलाने, जगह-जगह पर यातायात दुर्घटना संबंधी जानकारी प्रदर्शित करन, तेज गति व नशे मे वाहन नहीं चलाने हेतु, यातायात दुर्घटना रोकने हेतु जिलों मे जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये गये।



# कुंडम नगर में शांति समिति की बैठक आयोजित

**कुंडम, यशभारत।** कुंडम थाना प्रांगण में आज होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक रखी गई जिसमें कुंडम तहसीलदार प्रदीप कौरव थाना प्रभारी प्रताप मरकाम के द्वारा जिला कलेक्टर से आई गाइडलाइन की जानकारी लोगों को दी गई जिसमें बताया गया कि होलिका दहन मंगलवार की रात्रि में 10:00 बजे किया जाएगा और दसवीं बारहवीं की परीक्षा को देखते हुए साउंड स्पीकर डीजे में प्रतिबंध रहेगा होली रंगों की जगह गुलाल से खेली जावे शराब खोरी ना हो ज्यादातर होली कंडो की जलाई जावे पुरानी परंपरा को लेकर शांति व्यवस्था के साथ होली पर्व मनाया जावे एवं ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायतों में मुनादी कराई जाएगी होली मंगलवार को जलाई जाएगी और कुंडम के कुंडेश्वर धाम में मेला का आयोजन चल रहा है वहां भी किसी प्रकार का कोई उपद्रव ना हो पूरे जिले में 144 धारा लागू है पंचायत द्वारा कुछ जगहों पर पानी के टैंकरों की व्यवस्था कराई जाए लाइट व्यवस्था कराई जाए शांति समिति की बैठक मैं उपस्थित विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू जिला पंचायत सदस्य एकता ठाकुर राधेश्याम साहू अशोक जैन संदीप साहू पूरन यादव नायक जी प्रहलाद झारिया (पत्रकार) गुड्डु पटवा जितेंद्र शुक्ला हुब्बी लाल चक्रवर्ती पंचायत सहायक सचिव सचिन साहू जनार्दन साहू क्रांति तिवारी पंच मदनलाल एसआई बीके उइके, एएस आई रूप सिंह, जागेश्वर उपाध्याय, प्रिंस पटेल ,प्रदीप गुप्ता, एवं कुंडम थाना स्टाफ सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## गोविंद प्रसाद कतिया नहीं रहे

**गोटेगांव, यशभारत।** गोटेगांव नगर बजरंग वार्ड निवासी श्री गोविंद प्रसाद कतिया का आज निधन हो गया।आप कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे।श्री गोविंद प्रसाद कतिया ने आज सुबह अंतिम सांस ली।वह 59 वर्ष के थे।स्व.गोविंद प्रसाद कतिया लोकेश कतिया एवं सोनू कतिया के पिता श्री थे एवं नगरपालिका परिषद गोटेगांव में कार्यरत सुनील भनारे÷बल्ल%के फूफा जी थे।आपकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास बजरंग वार्ड से मुक्तिधाम ले जाई गई जहां पर उनके ज्येष्ठ पुत्र लोकेश कतिया ने उन्हें मुखाग्नि प्रदान की।अंतिम यात्रा में सभी वर्गो के लोगों ने शामिल होकर स्व.गोविंद कतिया को दो मिनिट का मौन धारण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**नरसिंहपुर यभाप्र।** आगामी होलिका दहन, धुरेड़ी, रंगपंचमी, चैत्र नवरात्र, शबे बारात, रमजान माह, ईद-उल-फितर त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। कलेक्टर सुश्री बाफना ने कहा कि जिले में शांति, आपसी सौहार्दए सदभाव एवं एकता की गौरवशाली परंपरा रही है, इसी के अनुरूप आगामी त्यौहार मनाये जायेंगे। उन्होंने होलिका दहन में लकड़ी की अपेक्षा गोबर के कंडे व गौकाष्ठ का उपयोग करने पर जोर दिया।
कलेक्टर ने कहा कि होली एवं रंगपंचमी के दिन त्यौहार मनाने के बाद सभी के सहयोग से कचरा की साफ-सफाई की जाये। इसके लिए हरेक वार्ड में युवा वालेंटियर्स के स्वैच्छिक ग्रुप बनाकर साफ-सफाई स्वच्छता अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया जाये। बैठक में जिला शांति समिति ने जिले के नागरिकों से अपील की कि जिले की शांति, सद्भाव एवं एकता की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप जिले में आगामी होली, रंगपंचमी सहित सभी त्यौहार मिल-जुलकर आपसी भाईचारे के साथ मनाये जायें। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। इन पर अमल का भरोसा कलेक्टर सुश्री बाफना ने दिलाया।
बैठक में निर्णय लिये गये कि जिले में होलिका ऐसे स्थान पर रखी जाये, जहां आवागमन प्रभावित नहीं हो। होलिका दहन रात्रि 10 बजे तक करा लिया जाये। होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया जाये। विद्युत तारों टेलीफोन लाइन के नीचे होलिका न रखी जाये। डामर व सीसी रोड पर होलिका दहन नहीं हो। इस बारे में जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए मुनादी कराने के लिए सीएमओ को निर्देशित किया गया। त्यौहारों में डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन हो। परीक्षाओं को देखते हुए इसमें कोई रियायत नहीं दी जायेगी, सख्ती से कार्रवाई कर ध्वनि विस्तारक यंत्र जब्त किये जायेंगे और धारा 188 के तहत बाउंडओवर की कार्रवाई की जायेगी। किसी कार्यक्रम में आवश्यक होने पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग एसडीएम की अनुमति के बाद ही किया जा सकेगा। धुरेड़ी एवं रंगपंचमी में केमिकल युक्त पीली मिट्टी का उपयोग नहीं हो। आमजन ज्वलनशील रंगों, पेस्टों, गोबर, कीचड़ का इस्तेमाल न करें। हर्बल रंगों को प्राथमिकता दें। अवैध शराब की बिक्री नहीं होगी। पुलिस एवं आबकारी विभाग इस पर लगातार निगरानी रखकर कार्रवाई करेंगे। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि यदि शराब दुकानें शासन के निर्देशानुसार बंद नहीं होंगी, तो दुकानें सील कर लायसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जायेगी। अवैध शराब के विक्रय पर भी सख्त कार्रवाई की जायेगी।
बैठक में तय किया गया कि नई जगहों पर अगर होलिका दहन की जा रही हो, तो उसकी सूचना संबंधित पुलिस थाना में दी जाये। होलिका दहन में लकड़ी की अपेक्षा गोबर के कंडे व गौकाष्ठ का उपयोग किया जाये। केन्द्रीय जेल में निर्मित गोबर के कंडों गौकाष्ठ का उपयोग किया जाये, इसकी उपलब्धता थाना स्तर पर रहेगी। असामाजिक तत्वों की निगरानी की जाये। जबरन चंदा वसूली नहीं की जाये। अश्लील गीत. संगीत नहीं बजाया जाये। किसी अजनवी व्यक्ति पर जबरन रंग गुलाल नहीं डाला जाये। व्यापारी वर्ग उत्तम किस्म के रंग- गुलालों की बिक्री करें। हाईवे के आसपास लगातार पेट्रोलिंग होती रहे। रात में पुलिस की गश्ती हो। होली रंगपंचमी त्यौहारों के दौरान एक घंटे अतिरिक्त जल आपूर्ति की व्यवस्था नगरीय निकायों में की जायेगी। सिविल सर्जन जिला अस्पताल और सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आकस्मिक चिकित्सा दल की ड्यूटी आवश्यक दवाईयों के सहित लगायेंगे। एम्बुलेंस एवं 108 वाहन मुस्तैद रहेंगे। वन विभाग होलिका दहन के लिए मंडलों को जलाऊ लकड़ी एवं बांस नियमानुसार उपलब्ध कराने की व्यवस्था करेगा।



## नर्मदा परिक्रमा से लौटे भक्तों का भव्य स्वागत

**कुंडम, यशभारत।** कुंडम नगर से 12 फरवरी को मां नर्मदा की परिक्रमा के लिए कुंडम एवं आसपास क्षेत्र से 65 गणमान्य नागरिकों और माताएं गई हुई थी जिनका आगमन आज 3 तारीख को हुआ जिन्हें रेस्ट हाउस से बस स्टैंड चांदनी चौक कमानिया गेट दुर्गा मंदिर तक बैंड बाजों फटाका एवं फूल बरसाते जयकारा लगाते हुए मंच तक लाया गया परिक्रमा वासियों ने माता रानी नर्मदा मैया की जानकारी दी किसी ने माता रानी के गीत गाए इसके बाद युवा साथियों द्वारा 1-1 माई नर्मदा की फोटो नारियल भेंट कर तिलक बंधन किया इस कार्यक्रम में समस्त नगरवासियों युवा साथियों माताओं बहनों का बड़ा सराहनीय योगदान रहा।

# आईआरसीटीसी ने भारत का सबसे पुरस्कृत को-ब्रांडेड ट्रेवेल क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने के लिए एचडीएफसी बैंक के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेल मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) और भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज भारत के सबसे पुरस्कृत को-ब्रांडेड ट्रेवेल क्रेडिट कार्डों में से एक को लॉन्च करने के लिए साझेदारी की घोषणा की। आईआरसीटीसी एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड के नाम से जाना जाने वाला नया कार्ड लॉन्च किया गया, को-ब्रांडेड कार्ड एक ही संस्करण में है और विशेष रूप से एनपीसीआई के रुपे नेटवर्क पर उपलब्ध है।यह आईआरसीटीसी की टिकटिंग वेबसाइट और आईआरसीटीसी रेल कनेक्ट ऐप के माध्यम से बुक किए गए ट्रेन टिकटों की बुकिंग पर विशेष लाभ और अधिकतम बचत प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, आईआरसीटीसी एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्डधारकों को आकर्षक ज्वाइनिंग बोनस, बुकिंग पर छूट और देश भर के रेलवे स्टेशनों पर कई कार्यकारी लाउंज तक पहुंच का आनंद मिलेगा।कार्ड यात्रियों को बेहतर मूल्य और बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए दो प्रमुख भारतीय ब्रांडों की ताकत को जोड़ता है। यह देश में कार्ड जारी करने में मार्केट लीडर के रूप में एचडीएफसी बैंक की विशेषज्ञता का लाभ उठाएगा, अपने श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार कार्यक्रम और ट्रेन यात्रा पर आईआरसीटीसी की बेजोड़ सेवाओं की पेशकश करेगा।क्रेडिट कार्ड को सुश्री रजनी हसीजा, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, आईआरसीटीसी, श्री पराग राव, समूह प्रमुख - पेमेंट्स, कंज्यूमर फाइनेंस, डिजिटल बैंकिंग और आईटी, एचडीएफसी बैंक और सुश्री प्रवीना राय, सीओओ, एनपीसीआई द्वारा लॉन्च किया गया। समारोह नई दिल्ली में आयोजित किया गया।इस सहयोग पर टिप्पणी करते हुए आईआरसीटीसी की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी हसीजा ने कहा, एचडीएफसी बैंक देश के सबसे बड़े और भरोसेमंद बैंकों में से एक है। हम इस पहल के लिए उनके साथ साझेदारी करके खुश हैं। को-ब्रांडेड कार्ड अधिकांश प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध नए खुले अत्याधुनिक लाउंज तक विशेष पहुंच प्रदान करता है। क्रेडिट कार्ड ऑनलाइन लेन-देन को सुव्यवस्थित करने में मदद करेगा और साथ ही साथ हमारे ग्राहकों को सर्वोत्तम-इन-क्लास लाभ और अनुभव प्रदान करेगा।पराग राव, ग्रुप हेड - पेमेंट्स, कंज्यूमर फाइनेंस, डिजिटल बैंकिंग और आईटी, एचडीएफसी बैंक ने कहा, 卐एचडीएफसी बैंक देश को सर्वश्रेष्ठ बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। आईआरसीटीसी एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड हमें देश भर में लाखों भारतीयों को अपना कार्ड प्रदान करने में सक्षम करेगा। भारतीय रेलवे देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में से एक है और हमें खुशी है कि हम ट्रेन यात्रियों के लिए टिकट बुक करने के समय से ही ग्राहक अनुभव को बढ़ाने के लिए आईआरसीटीसी के साथ साझेदारी करने वाले पहले निजी क्षेत्र के बैंक बन गए हैं। देश में सबसे बड़े कार्ड जारीकर्ता के रूप में हमारा प्रयास भारत में भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र के पोषण और समर्थन के लिए नए तरीके खोजने का लगातार प्रयास है।



## मोबाइल पर बात करते समय करंट लगने से मजदूर की मौत

**जबलपुर यश भारत।** गोसलपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक 22 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। इस घटना के संबंध में पुलिस ने जानकारी में बताया कि गुडहाई तिराहा निवासी 22 वर्षीय रवि भूमिया तथा सूरज घुमिया अक्षय बर्मन एवं जालंधर भूमिया गोसलपुर अस्पताल रोड में एक पुलिया मैं मजदूरी का काम करते थे गत शाम को 5:30 बजे तक तीनों ने काम किया काम बंद होने के बाद रवि भूमिया के 2 साथी शराब लेने के लिए चले गए इसी दौरान है वहां पर बनी एक बाउंड्री वॉल के ऊपर खड़े होकर किसी से फोन पर बात कर रहा था ऊपर से निकली हाई टेंशन लाइन से टकरा गया जब उसके 2 साथी वापस आए तो रवि भूमिया गड्ढे पर पड़ा हुआ था जिसको घर लेकर आए इसके बाद 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सिहोरा अस्पताल ले गए जहां पर चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद रवि भूमिया को मृत घोषित कर दिया सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक कार्यवाही के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।



# शांति समिति की बैठक आयोजित

**पाटन, यशभारत।** थाना प्रांगण पाटन में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीओपी सारिका पांडे ,एसडीएम शाहिद खान,तहसीलदार प्रमोद चतुर्वेदी,नगर परिषद अध्यक्ष जगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष श्री शक्ति देव कुमार यादव ,सीएमओ नीलम चौहान,पार्षद गण, बिजली विभाग के अधिकारी,थाना पाटन के समस्त स्टाफ पाटन प्रेस क्लब के समस्त सदस्य सहित नगर के सभी गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर एसडीएम,एसडीओपी सहित नगर पंचायत अध्यक्ष ने त्यौहारों को देखते शांति एवं सद्भाव भाईचारे के साथ मनाए जाने की अपील की। बैठक के दौरान नगर के धार्मिक स्थानों के आसपास पर्याप्त साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था,जल व्यवस्था बनाए जाने की बात कही गई। एवं सभी विभाग के अधिकारियों को समुचित व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी आदेशित किया जिसमें त्योहार के दिन शराब बंदी, हुडदंगाइयो से निपटने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल,फायरब्रिगेड व्यवस्था सहित बिजली विभाग के कर्मचारियों को मुस्तैद रहने का आदेश दिया।डीजे वालों को निश्चित समयावधि मैं बजाने की अवधि दी है। इसके अतिरिक्त कोई भी अप्रिय घटना न हो इसके लिए सभी गणमान्य नागरिकों के सुझाव भी लिए गए।



## आग लगाने से भूमि उर्वरा शक्ति में होती है कमी, पर्यावरण को होता है गंभीर नुकसान

# किसान फसल अवशेष-नरवाई नहीं जलायें

***नरसिंहपुर यभाप्र।*** *किसान कल्याण एवं कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे फसल अवशेष नरवाई नहीं जलायें। फसल अवशेष-नरवाई में आग लगाने से भूमि की उर्वरा शक्ति में कमी होती है और पर्यावरण भी गंभीर रूप से प्रभावित होता है।*

### फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान

फसल अवशेष जलाने से हानिकारक गैसें निकलती हैं, जो मनुष्यों व पशुओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। आग लगाने में भूमि की ऊपरी दो इंच की परत पूरी तरह जलकर कठोर हो जाती है व राख जमा हो जाती है, इससे वायु व जल का संचार कम हो जाता है। भूमि में रहने वाले जीवों व अदृश्य सूक्ष्म जीवों की संख्या बहुत कम हो जाती है। ये जीव किसान के मित्र हैं व भूमि में रहकर अघुलनशील पोषक तत्वों को घोलकर पौधों को उपयोग लायक बनाते हैं। इसके साथ ही हानिकारक जीवाणु व फफूंदी से फसल को बचाते हैं। मित्र जीवाणु की संख्या कम होने पर जमीन की उपजाऊ शक्ति भी कम हो जाती है। पशुओं के लिए चारे की उपलब्धता कम हो जाती है। अवशेष जलाने से राजमार्गों व अन्य स्थानों पर धुएं के कारण दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

### फसल अवशेष को जमीन में मिलाने के फायदे

फसल अवशेष मिट्टी में मिलाने से कार्बनिक पदार्थ व अन्य तत्व बढ़ते हैं, जिससे सूक्ष्म जीवों की सक्रियता बढ़ जाती है। फसल अवशेषों को लगातार तीन- चार वर्ष खेतों में मिलाने से 1600 किग्रा जैविक कार्बन, 20 से 30 किग्रा नाईट्रोजन, 4 से 7 किग्रा फास्फोरस, 4 से 6 किग्रा सल्फर व 60 से 100 किग्रा पोटाश का लाभ मिलता है, इसका मूल्य प्रति हेक्टर करीब 2 से ढाई हजार रुपये आंका गया है। इसके साथ ही एक सिंचाई की बचत भी देखी गई है। मृदा के भौतिक गुणों जैसे संरचना, जल एवं पोषक तत्वों की धारण क्षमता में वृद्धि होती है। मृदा का पीएच मान ठीक रहता है, जिससे उर्वरकों की उपलब्धता व स्थरीकरण अधिक समय तक रहता है। मृदा चरण को कम करके पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाते हैं। भूमि एवं वातावरण का प्रदूषण नहीं फैलता है। फसल अवशेष जलाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे वायुमंडल का तापमान बढ़ता है और फसलों की विपरीत असर पड़ता है।

अवशेषों को वापस जमीन में मिलाने से इस दुष्प्रभाव से बचा जा सकता है और फसलों की उत्पादकता को बढ़ाया जा सकता है। आग लगाने से भूमि की ऊपर सतह कमजोर हो जाती है, जिसकी वजह से इसमें वायु संचार, जल ग्रहण की क्षमता घट जाती है। धुएं की बजह से आंखों में जलन व धुंधलापन और श्वांस के रोगियों को श्वांस लेने में दिक्कत का भी सामना करना पड़ता है। गेहूं के अवशेषों का प्रबंधन आसानी से किया जा सकता है। कंबाइन हार्वेस्टर से कटाई करने और स्ट्रा रीपर से भूसा बनाने के बाद खेत में हैरों से बचे हुए अवशेषों को आसानी से मिलाया जा सकता है।

धान के अवशेष कुछ समस्या अवश्य करते हैं, लेकिन यदि कटाई करने के लिए मशीन आये, तो अवशेषों को समान रूप से खेत में बिखेर दें और इसके बाद हैपीसीडर से गेहूं की फसल की बिजाई की जाये, तो इससे गेहूं की पैदावार अधिक होती है। साथ ही भूमि की उर्वरा शक्ति भी बढ़ती है, पानी की बचत होती है। खरपतवार नाशक दवा के प्रयोग की जरूरत नहीं रहती और विपरीत मौसम में पकाई के समय फसल नहीं गिरती। धान के अवशेषों को चोपर-कटर से काटकर खेत में फैलाया जा सकता है, उसके बाद गेहूं की फसल की बिजाई की जा सकती है। फसल कटाई के पश्चात फसल अवशेष, घास-भूस, पत्तियां व डंठल आदि को सड़ाने के लिए 20 से 25 किग्रा नत्रजन प्रति हेक्टर की दर से छिड़ककर किसान हैरों या कल्टीवेटर से जुताई कर दें। कुछ ही दिनों में सभी अवशेष सड़- गल कर आने वाली फसल को पोषक तत्व प्रदान करेंगे। फसल अवशेषों से कम्पोस्ट खाद तैयार करें। गोबर के साथ फसल अवशेष मिलाकर वर्मीकम्पोस्ट खाद बनाई जा सकती है। पशुओं के मलमूत्र में कई महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं। फसल अवशेष मलमूत्र को सोखने के लिए बिछौने के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। इन अवशेषों का कम्पोस्ट बनाने में प्रयोग करें, जिससे कम्पोस्ट की गुणवत्ता में इजाफा होगा।

इन अवशेषों से बहुमूल्य मशरूम कम्पोस्ट तैयार करके खुम्ब उत्पादन किया जा सकता है। चारे की अधिकता वाले क्षेत्रों में मक्के की कड़वी व धान की पुआल को खुला छोड़ने की बजाए गड्डों में कम्पोस्ट बनाकर उपयोग करना फायदेमंद है। आलू, मूंगफली जैसी फसलों की खुदाई के बाद बचे अवशेषों को तथा मूंग, उड़द की फसल में फलियां तोड़कर अवशेष को खेत में मिलाना लाभदायक होता है। फसल अवशेषों को दूसरी फसलों में मल्च के लिए प्रयोग किया जा सकता है, इससे फसल का अच्छा जमाव होता है, पानी की बचत होती है और बेहतर खरपतवार नियंत्रण होता है। फसल अवशेषों को बेलर द्वारा इकट्ठा करके गांठें बनाई जा सकती हैं, जिन्हें सीमित जगह में संचित करके लम्बे समय तक रखा जा सकता है या दूरस्थ स्थानों पर चारे के रूप में भेजा जा सकता है। बेलर द्वारा बनाई गई गांठों को बिजली या उर्जा संयंत्रों में भी प्रयोग किया जा सकता है। फसल अवशेषों विशेष तौर पर पराली से गत्ता तैयार किया जा सकता है, जो विभिन्न रूपों में तैयार किया जा रहा है तथा पर्यावरण हितैषी भी है।

## आईसीसी ने होलकर स्टेडियम की पिच को खराब बताया

**दुबई (ईएमएस)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ( आईसीसी ) ने इंदौर के होल्कर स्टेडियम की पिच को खराब करार दिया है। इस स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे ही दिन भारतीय टीम को नौ विकेट से हरा दिया था। इस मैच में असामान्य उछाल और टर्न के कारण स्पिनर हावी रहे। आईसीसी के पिच को खराब करार दिये जाने के बाद इंदौर को तीन नकारात्मक अंक भी मिले और ये अंक पांच साल के लिए सक्रिय रहेंगे। आईसीसी के अनुसार, ''मैच रैफरी क्रिस ब्रॉड ने अपनी रिपोर्ट हमें दी है जिसमें उन्होंने मैच अधिकारियों और दोनों टीमों के कप्तानों से बात करने के बाद उनकी चिंताएं व्यक्त कीं हैं। इस आंकलन के बाद इस स्थल को तीन नकारात्मक अंक दिये गये। इस रिपोर्ट को भारतीय क्रिकेट बोर्ड )बीसीसीआई ) को भी भेज दिया गया है जिसके पास इसके खिलाफ अपील करने के लिये 14 दिन का समय है। ब्रॉड ने कहा, ''पिच बहुत सूखी थी, इस कारण बल्ले और गेंद के बीच कोई संतुलन नहीं था। इस पर शुरू से ही स्पिनरों को सहायता मिल रही थी। उन्होंने कहा, ''मैच की पांचवीं गेंद से ही पिच की सतह टूट सी गयी और इस पर जरा भी 'सीम मूवमेंट नहीं मिल रहा था और पूरे मैच के दौरान अत्यधिक और असमान उछाल रहा। इस कारण भारतीय टीम के पहले सत्र में सात विकेट गिर गये थे क्योंकि गेंद शुरूआती आधे घंटे के दौरान 'स्क्वायर टर्न ले रही थी।

## 18 मार्च को खेला जाएगा आईएसएल फाइनल

नई दिल्ली (ईएमएस)। इंडियन सुपर लीग ( आईएसएल ) फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला इसी माह 18 मार्च को गोवा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजकों के अनुसार टीमों के लिए सभी प्रकार के जरुरी ढांचे की उपलब्धता को देखते हुए ही गोवा को इस मुकाबले की मेजबानी दी गयी है। इसके प्ले ऑफ मुकाबले तीन मार्च से खेले जाएंगे। इसमें लीग शील्ड विजेता मुंबई सिटी एफसी, हैदराबाद एफसी, एटीके मोहन बागान, बेंगलुरू एफसी और केरल ब्लास्टर्स एफसी ने पहले ही प्ले ऑफ में जगह बना ली है। वहीं ओडिशा एफसी और एफसी गोवा लीग चरण के अंतिम मुकाबले से पहले दौड़ में बने हुए हैं। इस सत्र से आईएसएल आयोजकों फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड ( एफएसडीएल ) ने लीग के लिए प्ले ऑफ का नया प्रारूप भी लागू किया है जिससे दो मुकाबले टूर्नामेंट में और बढ़ जाएंगे। इसमें शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में सीधे प्रवेश करेंगी जबकि तीसरे से छठे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच एक चरण का प्ले ऑफ मुकाबला खेला जाएगा जिससे सेमीफाइनल के लिए अन्य दो टीमें तय होंगी।

# टीम इंडिया की ताकत ही बनी सबसे बड़ी कमजोरी टूटेगा WTC के फाइनल में जाने का सपना!



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 9 विकेट से करारी हार झेलनी पड़ी। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दमदार वापसी करते हुए धमाकेदार खेल दिखाया। इंदौर टेस्ट में जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। वहीं, टीम इंडिया को WTC के फाइनल में पहुंचने के लिए अहमदाबाद में होने वाला चौथा टेस्ट हर हाल में जीतना होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में टीम इंडिया की ताकत ही उसकी सबसे बड़ी कमजोरी बन गई।

### टॉप ऑर्डर हुआ फ्लॉप

भारतीय टीम ने दुनिया को एक से बढ़कर एक बेहतरीन बल्लेबाज दिए हैं। टीम इंडिया ने पिछले एक दशक में टेस्ट में घर पर जो दबदबा बनाया है, उसमें बल्लेबाजों का अहम योगदान रहा है। भारतीय टॉप ऑर्डर ने मुश्किल परिस्थितियों में रन बनाकर टीम इंडिया को जीत दिलाई है। भारतीय टॉप ऑर्डर टीम इंडिया की सबसे बड़ी ताकत माना जाता है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया का टॉप ऑर्डर बुरी तरह से फ्लॉप रहा है। इनमें विराट कोहली, केएल राहुल, शुभमन गिल और चेतेश्वर पुजारा शामिल हैं।

### कोहली के बल्ले से नहीं निकले रन

भारतीय टीम के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली जब भी बड़ी पारी खेलते हैं, तो टीम इंडिया जीत की दावेदार होती है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में वह अपने नाम के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने अभी तक ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ 12, 44, 20, 22 और 13 रनों की पारियां खेली है। वह बेहतरीन शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पा रहे हैं।

### केएल राहुल का बल्ला है खामोश

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के पहले दो मैचों में केएल राहुल बुरी तरह से फ्लॉप रहे। वह रन बनाना तो दूर क्रीज पर टिकने के लिए तरस रहे हैं। इसके बाद सीरीज बाकी बचे दो मैचों से उनसे उपकप्तानी भी छीन ली गई। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20, 17 और 1 रन की पारी खेली हैं। इसके बाद उन्हें तीसरे टेस्ट से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह प्लेइंग इलेवन में शामिल किए गए शुभमन गिल भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। उन्होंने 21 और 5 रन ही बनाए। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में शतक लगाने वाले रोहित शर्मा भी इसके बाद लय में नजर आए हैं। इन बल्लेबाजों के जल्दी आउट होने से बाद के आने वाले खिलाड़ियों पर दबाव बढ़ जाता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का चौथा टेस्ट 9 मार्च से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

## चौथे टेस्ट में बदल जाएगा ऑस्ट्रेलिया का कप्तान! स्टीव स्मिथ के बयान से मची हलचल

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मैच इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया को नौ विकेट से हरा दिया। इस मैच के खत्म होने साथ ही सीरीज 2-1 पर आ गई है। ऑस्ट्रेलिया ने WTC के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। भारत को अगर WTC के फाइनल में जाना है तो उन्हें अगला मैच किसी किमत पर जीतना होगा। इस मैच ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टीव स्मिथ कप्तानी कर रहे थे। पैट कमिंस अपने निजी कारणों की वजह से यह मैच नहीं खेल सके थे। टीम इंडिया के खिलफ खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के बाद स्टीव स्मिथ की कप्तानी की काफी ज्यादा तारीफ की जा रही है। इस बीच अचानक से उन्होंने ऐसा बयान दे दिया है जिसके बाद ऐसा माना जा रहा है कि वह कप्तानी छोड़ सकते हैं।



**क्या बोले स्मिथ** – ऑस्ट्रेलिया के लिए तीसरे टेस्ट मैच में कप्तानी करने वाले स्टीव स्मिथ ने कहा कि यह पैट कमिंस की टीम है और वही इस सीरीज के आगे टीम की कमान संभालेंगे। उनके इस बयान के बाद से ऐसा लग रहा है कि अहमदाबाद में होने वाले टेस्ट मैच में पैट कमिंस एक बार फिर से टीम की कप्तानी संभाल सकते हैं। पैंट कमिंस दूसरे टेस्ट मैच के बाद अपनी मां की तबियत खराब हो जाने के कारण ऑस्ट्रेलिया वापस लौट गए थे। इसके बाद स्टीव स्मिथ को टीम का कप्तान बनाया गया था।

**टीम इंडिया के लिए अगला टेस्ट अहम-** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट मैच 9 मार्च से खेला जाएगा। टीम इंडिया के लिए यह टेस्ट मैच बेहद अहम है। ङ्खञ्ज्रष्ट के फाइनल में जाने के लिए भारत को किसी भी कीमत पर यह मैच अपने नाम करना होगा। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज का तीसरा मैच जीतकर WTC के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। यानी अगर टीम इंडिया अगले मैच में ऑस्ट्रेलिया को हार देती है तो भारत और ऑस्ट्रेलिया के ही बीच WTC फाइनल खेला जाएगा।

## धोनी की सलाह पर बदली भारतीय पिचों की तस्वीर: दलजीत सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम अपने घर में टेस्ट क्रिकेट स्पिन फ्रेंडली पिचों पर ही खेलती है. ऐसा हो भी क्यों न! आखिर सभी टीमें अपनी घरेलू परिस्थितियों और ताकत का फायदा उठाना चाहती हैं. हम एशिया से बाहर जाते हैं तो तब हमें टर्निंग ट्रैक तो नहीं मिलते क्योंकि उन विदेशी टीमों की ताकत तेज गेंदबाजी होती है. ऐसे में भारत को उनकी परिस्थितियों में खेलना होता है. लेकिन हिंदुस्तान में पिछले करीब एक दशक की क्रिकेट देखें तो यहां अब देश भर के सभी मैदानों पर ऐसी पिचें बन रही हैं, जहां पहले ही दिन से स्पिन देखने को मिलता है और ऐसे में विदेशी टीमों को खेलने में समस्या होती है. मैच के पहले दिन से ही स्पिन फ्रेंडली पिचों पर खेलने का श्रेय पूर्व कप्तान एमएस धोनी को जाता है क्योंकि उन्होंने ही ऐसी पिचें टीम इंडिया के लिए बेहतर बताई थीं. बता दें भारतीय क्रिकेट में पिचों की नई क्रांति लाने का श्रेय दलजीत सिंह को जाता है, जो लंबे समय तक बीसीसीआई में ग्राउंड और पिच कमेटी के अध्यक्ष रहे. उन्होंने देश भर में तेज और उछाल वाली पिचें भी बनाई और स्पिन ट्रैक भी. भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथा टेस्ट मैच अहमदाबाद में खेलना है और बता दें इस मैदान पर करीब दर्जन भर पिचें हैं और इन सभी पिचों को दलजीत



सिंह की देखरेख में ही तैयार किया गया है. उन्होंने बताया कि इस मैदान की आधी पिचें काली मिट्टी से तैयार की गई हैं, जबकि बाकी आधी पिचें लाल मिट्टी से. ऑल इंडिया ग्राउंड एंड पिच कमेटी के पूर्व चेयरमैन दलजीत सिंह ने बताया, 'एमएस धोनी की कप्तानी से पहले आप भारत में टेस्ट मैच देखेंगे तो वह आराम से 4 दिन के अंतिम सेशन या 5वें दिन तक खत्म होते थे. तब ऐसी पिचें रहती थीं, जिन पर घास और नमी रखी जाती थी, जो शुरुआती दो दिन तेज गेंदबाजों को मदद देती थीं और फिर तीसरा दिन बैटिंग के लिए सबसे मुफीद माना जाता था अंतिम दो दिन स्पिनरों का बोलबाला दिखता था.' उन्होंने कहा, 'जब एमएस धोनी भारतीय टीम के कप्तान थे तो उन्होंने मुझे कहा था कि हमें ऐसी पिचें बनानी चाहिए, जो स्पिन को मददगार हों क्योंकि ये पिचें भारतीय टीम को खूब भाती हैं. इसके बाद से हम ऐसी पिचें बनाने लगे. आप देखेंगे कि अब देश भर में कई मैदानों पर अलग-अलग मिट्टी की पिचें हैं. यहां लाल और काली मिट्टी की पिचें होती हैं. लाल मिट्टी महाराष्ट्र से लाई जाती है, जबकि काली मिट्टी ओडिशा से.' अभी हमारी टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ रही है और 4 टेस्ट की सीरीज के पहले 3 टेस्ट मैचों की पिचों को देख लें. ये तीनों पिचें स्पिन फ्रेंडली थीं और तीनों ही टेस्ट मैच तीसरे दिन खत्म हो गए. इनमें भी खास बात यह है कि नागपुर और इंदौर में खेले गए देस्ट मैच लाल मिट्टी पर हुए. जब इन दो मिट्टी की खासियतों के बारे में हमने दलजीत सिंह से पूछा तो उन्होंने बताया, 'देखिए लाल मिट्टी की पिच काली की तुलना में स्पिन को ज्यादा मददगार होती है क्योंकि यह जल्दी वियर टीयर ( दरारें खुल जाना, ऊपरी सतह का उखड़ना ) होती हैं, जिससे स्पिनर को मदद मिलती है, जबकि काली मिट्टी की पकड़ थोड़ी ज्यादा बेहतर होती है और उसकी दरारें बहुत जल्दी नहीं खुलतीं।

## जेमीसन अगले चार माह खेल से दूर रहेंगे

**ऑकलैंड (ईएमएस)।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जेमीसन के कमर की सर्जरी होने है। इस कारण वह करीब तीन से चार माह तक और नहीं खेलेंगे। जेमीसन चोटिल होने के कारण ही पिछले वह 9 महीने से अधिक समय से मैदान से दूर हैं। जेमीसन को इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से वापसी करने की उम्मीद थी पर एक बार फिर कमर में दर्द उभरने से उनका इंतजार बढ़ता जा रहा है। इस तेज गेंदबाज ने पिछला टेस्ट गत वर्ष जून में खेला था। उसके बाद से ही वह बाहर है। अब सर्जरी के बाद ही वह वापसी कर पायेंगे यह तेज गेंदबाज ने इसी महीने इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड एकादश की ओर से अभ्यास मैच खेला था तभी उसकी चोट फिर उभर गयी थी। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, 'जेमीसन के लिए यह चुनौतीपूर्ण और कठिन समय है। हमारे लिए भी यह बड़ा नुकसान है। उन्होंने कहा, 'जब वह टीम का हिस्सा था तो हमारे लिए शानदार खिलाड़ी था। हम उसके उबरने की कामना करते हैं। जेमीसन ने इससे पहले उम्मीद जताई थी कि आराम के साथ उनकी चोट ठीक हो जाएगी पर इसके दोबारा उभरने पर उन्हें सर्जरी कराने पर मजबूर होना पड़ा है। स्टीड ने कहा, 'कई विश्व स्तरीय खिलाड़ियों की कमर की सर्जरी हुई है और इससे उबरने में अलग अलग समय लगता है।

## रिचा, विश्मी और चार्ली आईसीसी रैंकिंग में ऊपर आयीं

**दुबई, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष, श्रीलंका की विश्मी गुणरत्ने और इंग्लैंड की स्पिनर चार्ली डीन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ( आईसीसी ) की ताजा रैंकिंग में लंबी छलांग लगायी है। रिचा आईसीसी रैंकिंग में 21 स्थान की लंबी छलांग लगाकर 22वें स्थान पर पहुंच गयीं हैं। रिचा को हाल में हुए टी20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन का लाभ मिला है। रिचा विश्वकप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी थीं। रिचा ने 68 के औसत से 136 रन बनाये थे और वह स्मृति मंधाना के बाद दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रही थीं। रैंकिंग में रिचा के अलावा श्रीलंका की विश्मी और इंग्लैंड की स्पिनर चार्ली ने भी लंबी छलांग लगायी। विश्मी 95 स्थान की छलांग लगाकर 169वें स्थान पर पहुंची जबकि ऑफ स्पिनर चार्ली डीन 77 स्थान की छलांग लगाकर गेंदबाजों की रैंकिंग में 50वें स्थान पर पहुंच गयीं हैं।

## जेसन रॉय ने ठोका तूफानी शतक, इंग्लैंड ने बांग्लादेश को 132 रन से रौंदकर सीरीज पर किया कब्जा



**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय के 12वें वनडे शतक की मदद से इंग्लैंड ने शुक्रवार को ढाका में खेले गए दूसरे वनडे मैच में बांग्लादेश को 132 रन से रौंद दिया. इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है. मेहमान टीम ने पहला वनडे भी तीन विकेट से जीता था. श्रृंखला का अंतिम मैच सोमवार को चटगांव में खेला जाएगा. इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 326 रन का स्कोर बनाया. टीम के लिए रॉय ने 124 गेंद का सामना करते हुए 18 चौके और एक छक्के से 132 रन की पारी खेली. वनडे में उनका यह 12वां शतक है और वह इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं. उनके अलावा कप्तान जोस बटलर ने 76, मोइन अली ने 42 और सैम कुरेन ने नाबाद 33 रन बनाए. इसके बाद इंग्लैंड के अनुशासित गेंदबाजों ने बांग्लादेश को 44.4 ओवर में 194 रन पर समेट दिया. मेजबान टीम के लिए शाकिब अल हसन ने सबसे ज्यादा 58, महमुदूल्लाह ने 32 और कप्तान तमीम इकबाल ने 35 रनों का योगदान दिया. इंग्लैंड के लिए सैम कुरेन और आदिल राशिद ने 4-4 विकेट चटकाए. इससे पहले बांग्लादेश को 2016 में इंग्लैंड से 1-2 से हारने के बाद घरेलू सरजमीं पर किसी भी द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में हार नहीं मिली थी. वनडे के अलावा दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज भी खेली जाएगी।

## अंतिम टेस्ट में भरत की जगह ईशान को मिल सकता है अवसर

**इंदौर (ईएमएस)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में भारतीय टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत ने अपने प्रदर्शन से निराश किया है। भरत को इस सीरीज में आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की जगह पर शामिल किया गया था पर वह अपेक्षा के अनुरुप नहीं खेल पाये। भरत पूरी सीरीज में एक भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए। भरत ने सीरीज में कुल 3 मैच की 5 पारियो में 14.25 की औसत से केवल 57 रन बनाए हैं। ऐसे में अब माना जा रहा है कि अंतिम मैच में भरत की जगह पर ईशान किशन को अवसर मिल सकत है। ईशान आक्रामक बल्लेबाज होने के साथ ही टी20 प्रारुप में एक अच्छे विकेटकीपर साबित हुए हैं। इससे ये भी साफ हो गया है कि टीम के पास अभी ऋषभ का कोई विकल्प नहीं है। ऐसे में उसे ऋषभ के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करना होगी। ऋषभ कार हादसे के बाद से ही खेल के मैदान से बाहर हैं। ऋषभ की जगह उतरे भरत बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीनो मैचों में विफल रहे। विकेकीपिंग के साथ ही उनकी बल्लेबाजी भी कमजोर रही। इससे भारतीय टीम को नुकसान भी उठाना पड़ा। भरत से उम्मीद थी की वह भी ऋषभ की तरह ही कठिन हालातों से टीम को निकालें पर वह ऐसा नहीं कर पाये। उनका बल्ला सीरीज के शुरुआती तीनों मैचों में नहीं चला।

## बुमराह की जगह इन खिलाड़ियों को मिल सकती है आईपीएल में जगह

**मुम्बई (ईएमएस)।** मुम्बई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इसी माह शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल में नहीं खेल पायेंगे। बुमराह की पीठ में दर्द है जिसके कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से भी बाहर हैं। अब उन्हें इसी चोट के लिए सर्जरी करानी है। बुमराह ने अब तक के अपने आईपीएल करियर में 60 टी20आई मैचों में 6.62 के औसत से 70 विकेट लिए हैं। वह मुंबई इंडियंस के लिए स्ट्राइक गेंदबाज हैं। ऐसे में उनका बाहर होने टीम के लिए करारा झटका है। उनकी जगह तेज गेंदबाज शशांक सिंह, बासिल थम्पी या धवल कुलकर्णी में से किसी एक को अवसर मिल सकता है। शशांक सिंह के आंकड़ों पर नजर डालें तो उन्होंने 23-



लिस्ट ए मैचों में 99.25 की स्ट्राइक रेट से 536 रन बनाने के साथ ही गेंदबाजी में 5.52 की इकॉनमी से 22 विकेट लिए हैं। वहीं टी20 के 48 मैचों में इस खिलाड़ी ने 140.68 की स्ट्राइक रेट से 536 रन, 8.38 की इकॉनमी से 10 विकेट लिए हैं। गत आईपीएल में उन्होंने 146.81 की स्ट्राइक रेट से 69 रन बनाये थे। बासिल थम्पी ने 45 प्रथम श्रेणी मैचों में 30.82 की औसत से 102 विकेट लिए हैं। वहीं लिस्ट-ए प्रारूप में थम्पी ने 31 मैचों में 5.36 की इकॉनमी से 41 विकेट लिए हैं। उन्हें गत वर्ष मेगा नीलामी में मुंबई ने लिया। इस गेंदबाज ने 9.50 की औसत से 5 विकेट लिए हैं। धवल कुलकर्णी ने 92 प्रथम श्रेणी मैच में 27.24 की औसत से 274 विकेट लिए हैं जबकि लिस्ट-ए प्रारूप के 129 मैचों में 4.66 की इकॉनमी से 223 विकेट लिए हैं। वह साल 2008 से 2013 सीजन तक और फिर 2020 से 2021 तक मुंबई इंडियंस से जुड़े रहे हैं। आईपीएल में इस खिलाड़ी ने 35 मैचों में 8.09 की औसत से 36 विकेट लिए हैं।

## फिल्म भूल भुलैया के 3रे भाग का टीजर जारी

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



बालीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने अचानक से अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म भूल भुलैया के 3रे भाग का टीजर जारी करके आश्चर्यचकित कर दिया। शहजादा की आलोचना झेल रहे कार्तिक आर्यन ने टीजर के साथ ही अपनी असफलता से दर्शकों व प्रशंसकों का ध्यान हटाने में सफलता प्राप्त कर ली है। भूल भुलैया-3 का टीजर कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया के जरिए रिवील किया है, साथ ही टीजर रिवील कर अपने फैंस को सरप्राइज भी कर दिया है। भूल भुलैया- 3 का निर्देशन अनीस बज्मी कर रहे हैं, जिन्होंने इसके दूसरे भाग को भी निर्देशित किया था। फिल्म का निर्माण टी-सीरीज के बैनर तले हो रहा है। फिल्म के टीजर की शुरुआत कार्तिक आर्यन के किरदार रूह बाबा के साथ शुरू होती है। पिछली बार की तरह इस बार भी कार्तिक दर्शकों को डराते और हंसाते नजर आएंगे। कार्तिक आर्यन के पोस्ट के मुताबिक, फिल्म दिवाली 2024 के आस-पास रिलीज होगी।

## नागा ने प्रेमी-प्रेमिका के बीच कराई सुलह


■ नई दिल्ली, ईएमएस।



हाल ही में एक व्यक्ति और उसकी प्रेमिका के बीच सार्वजनिक लड़ाई में हस्तक्षेप करके तेलुगु अभिनेता नागा शौर्य ने शिष्टता दिखाई है। अभिनेता कार से कही जा रहे थे, तभ्री उन्होंने देखा कि एक जोड़ा आपस में झगड़ रहा है। शौर्य कार से बाहर निकला और उस आदमी से महिला से माफी मांगने को कहा। 1 मार्च को, नागा शौर्य को हैदराबाद की एक व्यस्त सडक़ पर देखा गया, जहाँ उन्होंने एक बदसूरत लड़ाई में हस्तक्षेप किया, जहाँ उन्होंने उस व्यक्ति से अपनी प्रेमिका को थप्पड़ मारने के लिए माफी माँगने के लिए कहा। लडक़े को अपनी गर्लफ्रेंड को थप्पड़ मारते देख अभिनेता कार से उतरे। उसने जल्द ही उससे लडक़ी से माफी मांगने की मांग की। शौर्य ने उस आदमी का हाथ पकड़ लिया और कहा कि शारीरिक या मौखिक रूप से किसी पर, खासकर लड़कियों पर हमला करना कभी भी ठीक नहीं है। तुमने उसे सडक़ पर थप्पड़ क्यों मारा? वह आपकी प्रेमी हो सकती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप इस तरह से दुर्व्यवहार कर सकते हैं।

## कंगना इमरजेंसी के पोस्ट-प्रोडक्शन में बिजी

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



एक्ट्रेस कंगना रनौत अपनी अपकमिंग फिल्म इमरजेंसी के पोस्ट-प्रोडक्शन में काफी बिजी हैं। फिल्म में कंगना रनौत ने एक निर्देशक के रूप में और एक अभिनेता के रूप में दो मोर्चे पर काम किया है। क्वीन की एक्ट्रेस ने चंद्रमुखी 2 के लिए शूटिंग शुरु कर दी हैं। कंगना ने सोशल मीडिया पर वैनिटी वैन से तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें उन्हें फिल्म के सीन के लिए तैयार होते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, अपनी टीम के साथ अपकमिंग फिल्म चंद्रमुखी 2 के सेट पर वापसी। हम इसे लेकर बहुत उत्साहित हैं। इससे पहले एक्ट्रेस ने शेयर किया था कि वह चंद्रमुखी 2 के लिए क्लाइमैक्स सॉन्ग के लिए हिंसल कर रही थी। इसे कला मास्टरजी द्वारा कोरियोग्राफ किया गया है, जिसमें गोल्डन ग्लोब अवार्ड विनर एम.एम।कीरावनी द्वारा कंपोज किया गया। चंद्रमुखी का वरई सॉन्ग एक बड़ा हिट है। फैंस कंगना से भी यही उम्मीद कर रहे हैं। चंद्रमुखी 2 रजनीकांत की लोकप्रिय फिल्म चंद्रमुखी का सीक्वल है। जहां कंगना सीक्वल में एक नर्तकी की मुख्य भूमिका निभाएंगी, वहीं राघव लॉरेंस फिल्म में पुरुष प्रधान भूमिका निभाएंगे।

## सिद्धार्थ ने कहा, अब मैं अकेला नहीं रहा

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



फोटोग्राफरों को कैमरे में अकेले पोज देने के अनुरोध पर बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने बेहतरीन प्रतिक्रिया दी। जब फोटोग्राफर्स ने उन्हें अकेले पोज देने के लिए कहा तो उन्होंने कहा, अब मैं अकेला नहीं रहा। सिद्धार्थ और कियारा ने पिछले महीने जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में शादी की थी। काम के मोर्चे पर, सिद्धार्थ अब अपनी पहली वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में नजर आएंगे, जिसमें शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय भी हैं। उनकी फिल्म योद्धा भी आ रही है। सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने इंस्टाग्राम पर शेरशाह अभिनेता का एक वीडियो साझा किया, जिसने कैमरों के लिए अकेले पोज देने के लिए कहने पर मजाकिया जवाब दिया।

वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE
मध्यप्रदेश शासन
आज़ादी का अमृत महोत्सव

# सशक्त नारी

## सशक्त परिवार, सशक्त समाज, सशक्त प्रदेश, सशक्त देश



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना

## शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
द्वारा

# शुभारंभ
5 मार्च, 2023

अपराह्न 1.00 बजे | जम्बूरी मैदान, भोपाल

- प्रत्येक पात्र बहन को प्रति माह रुपये 1000/-
- योजना अंतर्गत आवेदन हेतु आवश्यक जानकारी का पत्रक कैम्प, ग्राम पंचायत, वार्ड कार्यालय, आंगनवाड़ी केन्द्र से दिनांक 23 मार्च, 2023 से निःशुल्क मिलेगा जिसे पात्र बहनों को भरना होगा।
- कैम्प की तिथियां स्थानीय निकाय, ग्राम पंचायत द्वारा सभी को पृथक से अवगत करायी जायेंगी।
- आवेदक बहन को स्वयं उपस्थित होकर लाइव फोटो खिंचवानी होगी।
- आवेदक बहन का व्यक्तिगत बैंक खाता होना तथा उक्त बैंक खाते का आधार लिंक एवं डी.बी.टी. इनेबल्ड होना आवश्यक है।
- आवेदक बहनें कैम्प में आने के पूर्व समग्र पोर्टल में अपना आधार ई–के.वाय.सी. पूर्ण करा लें।

**अधिक जानकारी के लिये जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, स्थानीय निकाय/ग्राम पंचायत से संपर्क करें या वेबसाइट cmladlibahna.mp.gov.in पर विजिट करें।**

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents DDMP @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP D-11242

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

## महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023